

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



ग्वालियर वर्ष: 03 अंक: 226 | ग्वालियर, रविवार 23 अगस्त 2020 | पृष्ठ: 08 - मूल्य: 2 रु.




## गुरुग्राम में निर्माणाधीन फ्लाईओवर का एक हिस्सा गिरा, हादसे में दो मजदूर घायल

**गुरुग्राम।** दिल्ली से सटे गुरुग्राम के सोहना रोड पर निर्माणाधीन फ्लाई ओवर का एक हिस्सा गिर गया है। शनिवार रात 10.15 बजे हुई इस घटना में दो मजदूरों के घायल होने की सूचना है। बताया जा रहा है कि दोनों मजदूर ऊपर में काम कर रहे थे, तभी अचानक फ्लाईओवर गिर गया। दोनों घायल मजदूरों को इलाज के लिए पास के ही अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक, इस फ्लाई ओवर का निर्माण एक निजी कंपनी कर रही थी। घटना के बाद मौके पर पहुंचीं डीसीपी हेड क्वार्टर नितिका गहलोत ने कहा कि करीब 50 मीटर का हिस्सा गिरा है। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों को इस बारे में सूचित कर दिया गया है और इसके गिरने की वजहों का पता लगाया जा रहा है। बता दें कि सोहना रोड पर बन रहे इस 5.5 किलोमीटर लंबे फ्लाईओवर का शिलान्यास मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने 14 अगस्त 2017 को किया था। इस फ्लाईओवर के निर्माण में 1256 करोड़ रुपए के खर्च का अनुमान है। फ्लाईओवर के निर्माण के बाद आसपास के 54 गांवों में कनेक्टिविटी की सुविधा मिलेगी।

### नीतीश सरकार का बड़ा फैसला

## अब बिहार निवासी ही बन सकेंगे राज्य के प्रारंभिक स्कूलों में शिक्षक

**पटना।** राज्य के करीब 72 हजार सरकारी प्रारंभिक विद्यालयों में शिक्षक पद पर सिर्फ और सिर्फ बिहार के निवासी ही नियुक्त हो सकेंगे। इन प्रारंभिक स्कूलों में दूसरे राज्यों के शिक्षक अभ्यर्थियों के लिए नियुक्ति का रास्ता बंद हो गया है। शिक्षा विभाग ने यह प्रावधान लागू कर दिया है। शनिवार को विभाग की ओर से अधिसूचित बिहार राज्य नगर प्रारंभिक विद्यालय सेवा तथा बिहार राज्य पंचायत प्रारंभिक विद्यालय सेवा (नियुक्ति, प्रोन्नति, स्थानांतरण, अनुशासनिक कार्रवाई एवं सेवाशर्त) नियमावली, 2020 में इसका स्पष्ट प्रावधान कर दिया गया है कि बिहार में इन दोनों नियोजन नियमावलियों के तहत नियुक्ति में बिहार के निवासी ही आवेदन कर सकेंगे।

गौरतलब है कि वर्ष 2006 से राज्य में लागू माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षकों के नियोजन में यह व्यवस्था लागू है। इसके तहत बिहार के हाईस्कूलों और प्लसटू में केवल बिहार निवासी ही नियुक्त हो रहे हैं। आरंभ में प्रारंभिक शिक्षकों के नियोजन नियमावली में भी यही प्रावधान किया गया था, लेकिन वर्ष 2012 से लागू नियोजन नियमावली में इसका स्पष्ट उल्लेख नहीं होने से दूसरे राज्यों के खासकर बॉर्डर



इलाकों में पड़ोसी राज्यों के भी कुछ शिक्षक नियुक्त हो गए हैं। अब जबकि नियोजित शिक्षक नियुक्त किये जाएंगे और उनकी तनख्वाह भी काफी अच्छी हो गई है, ऐसे में प्रारंभिक शिक्षकों की नियुक्त में शिक्षा विभाग ने करीब आठ वर्षों के अंतराल के बाद एक बार फर बिहारी अभ्यर्थियों तक ही 72 हजार प्रारंभिक स्कूलों में नियुक्ति का अवसर केन्द्रित कर दिया है। शिक्षा विभाग द्वारा शनिवार को अधिसूचित दोनों नियुक्ति व सेवाशर्त नियमावली में ऐच्छिक स्थानांतरण समेत संशोधित सेवाशर्त के अन्य पहलू शिक्षकों के लिए पूर्व घोषित ही हैं, जिनपर हाल ही राज्य मंत्रिमंडल ने मुहर लगाई थी। बिहार राज्य नगर प्रारंभिक शिक्षकों तथा पंचायत शिक्षकों की नियुक्ति में पहले की तरह ही शिक्षक प्रशिक्षण और अन्य अनिवार्य डिग्रियां रखी गई है, शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण होना भी अनिवार्य ही है, लेकिन इसपर पहले से देय वेटेज समाप्त कर दिया गया है। पहले टीईटी में प्राप्तांक के मुताबिक मेधा सूची के निर्माण में अभ्यर्थियों के लिए कुछ अंक तय थे। अधिसूचना के मुताबिक नगर प्रारंभिक शिक्षकों की दो श्रेणियां होंगी- नगर शिक्षक प्राथमिक विद्यालय और नगर शिक्षा मध्य विद्यालय। इसमें तीन संवर्ग होंगे। पहला मूल संवर्ग (कक्षा एक से पांच), दूसरा स्नातक कोटि (कक्षा छह से आठ) और तीसरा मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक। स्नातक कोटि के 50 फीसदी पद मूल संवर्ग के शिक्षकों की प्रोन्नति से भरे जाएंगे। 50 फीसदी पदों को सीधी भर्ती से भरा जाएगा। वहीं मध्य विद्यालयों के हेडमास्टरों के शत प्रतिशत पद प्रमोशन से भरे जाएंगे। बात पंचायत प्रारंभिक शिक्षकों की करें तो इनकी भी दो श्रेणी हैं। प्रखंड प्रारंभिक शिक्षक और पंचायत प्रारंभिक शिक्षक। पंचायत प्रारंभिक शिक्षक संवर्ग में स्नातक कोटि के 50 प्रतिशत पद प्रोन्नति से जबकि 50 फीसदी पद सीधी नियुक्ति से भरे जाएंगे। प्रारंभिक शिक्षकों की कुल रिक्ति में विषयवार 50 फीसदी सीटों महिलाओं का आरक्षण होगा। रिक्ति विषम संख्या में रहने पर अंतिम पद भी महिलाओं को ही जाएगा। इसके साथ ही नई नियमावली में शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक तथा आर्ट (संगीत एवं कला) अनुदेशकों तथा कार्य अनुदेशक की नियुक्ति का भी प्रावधान किया गया है।



## पंजाब के पुलिसकर्मी का नशा करने वाला वीडिया हुआ वायरल, सेवा से बर्खास्त

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस के एक सहायक उपनिरीक्षक का नशा करता हुआ वीडियो वायरल होने के बाद उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। यह जानकारी शनिवार को अधिकारियों ने दी। मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह के निर्देश पर तरनतारन के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डी. एच. निंबाले ने एएसआई जोरावर सिंह को बर्खास्त करने की अधिसूचना जारी की। मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी कि वर्दी में अगर कोई कर्मी आपराधिक कृत्य करता पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वीडियो का गंभीर संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने आस्क द कैप्टन फेसबुक लाइव सेशन में कहा कि जांच के बाद उन्होंने एएसआई को बर्खास्त करने का निर्णय किया। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि जांच में प्रथमदृष्ट्या पाया गया कि तरनतारन के सराय अमानत खान थाने में पदस्थापित एएसआई लाइटर और सिल्वर फॉइल की मदद से नशा कर रहा था। वीडियो में भी वह ऐसा करते दिख रहा है। प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री को महसूस हुआ कि एएसआई जोरावर सिंह को सेवा में बरकरार रखना और जारी रखना राज्य, पुलिस बल और आम लोगों के हितों के प्रतिकूल होगा।

## वायु सेना अकादमी के पास स्थित केनिकल फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**नई दिल्ली।** तेलंगाना के मेड़चल-मलकजगिरी जिले के डुंडीगल इलाके में स्थित वायु सेना अकादमी के पास एक केमिकल फैक्ट्री में भीषण आ गई है। घटना में अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। न्यूज एजेंसी एएनआई की ओर से जारी किए गए फोटो में आप देख सकते हैं कि आग भीषण है। आग के फैक्ट्री के बड़े हिस्सों को अपनी चपेट में ले लिया है। घटना की सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची हुई है और आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही है। आग लपट काफी ऊंची दिख रही है। हालांकि, अभी तक यह भी साफ नहीं हो पाया है कि केमिकल फैक्ट्री में यह आग कैसे लगी। फिलहाल फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू करने में जुटी हुई है।

## पाकिस्तान ने पहली बार इस तरह कबूली मुंबई ब्लास्ट के मास्टरमाइंड और अंडरवर्ड डॉन दाऊद के होने की बात

**नई दिल्ली।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई साल 1993 बम एक के बाद एक तेरह विस्फोट से दल उठी थी। इस ब्लास्ट का मास्टरमाइंट दाऊद इब्राहिम देश से भागने कामयाब रहा और पाकिस्तान में जाकर शरण ले ली। भारत ने पाकिस्तान से कई बार दाऊद समेत वांछित अपराधियों की सूची सौंपकर उन पर कार्रवाई की मांग की। भारत ने अमेरिका की मदद से दाऊद को ग्लोबल टेररिस्ट भी घोषित करा दिया था। उसके बावजूद हर बार पाकिस्तान इससे इनकार करता रहा। लेकिन, पहली बार पाकिस्तान ने न सिर्फ ये माना है कि वह पाकिस्तान में रहता है बल्कि उसके ऊपर कार्रवाई भी की है।

पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी वित्त पोषण पर निगरानी रखने वाली संस्था वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट से बाहर होने की कोशिशों के तहत अपने यहां पर इस तरह की बड़ी कार्रवाई की है। उसने 88 प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों और हाफिज सईद, मसूद अजहर और दाऊद इब्राहिम समेत उनके आकाओं पर कड़े वित्तीय प्रतिबंध लगाये हैं। एक खबर में शनिवार को यह जानकारी दी गई है। यानी, जो पाकिस्तान अब तक



अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद को लेकर ना-नुकुर करता रहा उसने अब उस पर प्रतिबंध लगाए हैं। खबर के अनुसार इन आतंकी संगठनों और उनके आकाओं की सभी संपत्तियों को जब्त करने और बैंक खातों को सील करने के आदेश दिए हैं। पेरिस स्थित एफएटीएफ ने जून, 2018 में पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट में डाला था और इस्लामाबाद को 2019 के अंत तक कार्ययोजना लागू करने को कहा था लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इस समय सीमा बढ़ा दी गई थी। सरकार ने 18 अगस्त को दो अधिसूचनाएं जारी करते हुए 26/11 मुंबई हमले के साजिशकर्ता और जमात-उद-दावा के सरगना सईद, जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख अजहर और अंडरवर्ल्ड डॉन इब्राहीम पर प्रतिबंधों की घोषणा की थी। इब्राहिम 1993 मुंबई बम विस्फोटों के बाद भारत के लिए सबसे वांछित आतंकवादी बन कर उभरा है। पाकिस्तानी समाचार पत्र द न्यूज की खबर के अनुसार पाकिस्तान सरकार ने हाल ही में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) द्वारा जारी नई सूची के अनुपालन में आतंकवादी समूहों के 88 आकाओं और सदस्यों पर प्रतिबंध लगाये हैं। अधिसूचनाओं में घोषित प्रतिबंध जमात-उद-दावा, जैश-ए-मोहम्मद, तालिबान, दाएश, हक्कानी समूह, अलकायदा और अन्य पर लगाये गये हैं। खबर के अनुसार सरकार ने इन संगठनों और आकाओं की सभी चल और अचल संपत्तियों को जब्त करने और उनके बैंक खातों को सील करने के आदेश दिये है। खबर के अनुसार सईद, अजहर, मुल्ला फजलुल्ला (उर्फ मुल्ला रेडियो), जकीउर रहमान लखवी, मुहम्मद यह्या मुजाहिद, अब्दुल हकीम मुराद, नूर वली महसूद, उजबेकिस्तान लिबरेशन मूवमेंट के फजल रहीम शाह, तालिबान नेताओं जलालुद्दीन हक्कानी, खलील अहमद हक्कानी, यह्या हक्कानी, तथा इब्राहीम और उनके सहयोगी सूची में हैं।

## पटना में विधवा के साथ गैंगरेप के 7 आरोपी गिरफ्तार

**पटना।** विधवा महिला को अगवा कर गैंगरेप करने वाले सात आरोपितों को पटना पुलिस की विशेष टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। सभी आरोपित गौरीचक थानांतर्गत नयाचक फहीमपुर के रहने वाले हैं। पकड़े गए आरोपितों में दीना कुमार, विकास कुमार, रौशन कुमार, सन्नी कुमार, पिंटू कुमार और मुकेश कुमार शामिल हैं।

पुलिस ने इनके पास से वीडियो वायरल करने वाला एक मोबाइल भी बरामद किया है। एसएसपी उपेंद्र शर्मा ने शनिवार को बताया कि गैंगरेप की यह घटना करीब एक महीने पहले सोमवार की रोज गौरीचक थानांतर्गत लंका कछुआरा गांव के समीप एक बांध के निकट स्थित खंडहरनुमा भवन में हुई थी। 45 वर्षीय महिला ने पुलिस को बताया कि कुछ लोग उसे जबरन धमकी देकर अपने साथ वहां ले गए और दुष्कर्म किया। इसी दौरान युवकों ने महिला का वीडियो बनाकर उसे वायरल कर दिया। शुक्रवार की शाम यह वीडियो वायरल हुआ, जिसके बाद पुलिस को पूरे मामले की जानकारी मिली। इस ऑपरेशन में एसपी सिटी पूर्वी जितेंद्र कुमार, जक्कनपुर थानेदार मुकेश कुमार वर्मा के साथ स्पेशल सेल के जवानों को लगाया गया था।

**डर से महिला नहीं आ रही थी सामने, रात के वक्त हुई पहचान-** इस घटना के बाद महिला पुलिस के सामने नहीं आ रही थी। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने देर रात महिला की पहचान की। इसके बाद उसकी निशानदेही पर विनय कुमार नाम के शख्स से पूछताछ की गई। उसने इस घटना में शामिल अन्य युवकों के बारे में जानकारी दी। पुलिस ने एक-एक कर छह को गिरफ्तार कर लिया। वहीं सातवां युवक अब तक फरार है। छापेमारी की भनक लगते ही वह भाग निकला।

**पुलिस के पास पर्याप्त सबूत-**एसएसपी के मुताबिक इस मामले में आरोपितों के खिलाफ पुलिस के पास पर्याप्त सबूत हैं। उनके पास से बरामद मोबाइल और वीडियो भी सबूत के तौर पर पुलिस पेश करेगी। बकौल एसएसपी पुलिस ने अपने बयान पर ही गैंगरेप की घटना को लेकर केस दर्ज किया है।

## जम्मू कश्मीर का संदर्भ देकर बयान जारी करने वाले चीन-पाकिस्तान को भारत ने दी नसीहत

नई दिल्ली। चीन और पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद जारी किए गए बयान में जम्मू कश्मीर में वस्तु स्थिति बदलने वाली एकतरफा कार्रवाई के विरोध वाले बयान पर एक दिन बाद भारत ने शनिवार को उसे खारिज कर दिया। विदेश मंत्रालय (एमईए) में प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर भारत का अखंड और अलग नहीं किये जाने वाला हिस्सा है और उसे उम्मीद है कि वे देश के आंतरिक विषयों में हस्तक्षेप नहीं करेंगे।

## सुशांत की मौत से पहली वाली रात जल्दी बंद हो गई थी घर की लाइट

**नई दिल्ली।** एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की मुंबई के बांद्रा स्थित फ्लैट में हुई मौत इस वक्त लोगों के सामने एक पहेली बनी हुई है। इस मामले में केन्द्रीय जांच एजेंसी सीबीआई की तरफ से बारीकी से की जा रही पूछताछ और हो रहे नए-नए खुलासों ने शक को और गहरा दिया है कि किसी चीज को छिपाने की कोशिश लगातार की जा रही है। बांद्रा में जिस किराए के मकान में सुशांत सिंह राजपूत का 14 जून को शव लटका हुआ मिला था, वहां पर पड़ोसी ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि 13 जून की रात करीब 10.30-10.45 के बीच सुशांत राजपूत के कमरे की सभी लाइट्स बंद हो गई थी। सिर्फ किचन की लाइट जल



रही थी। इतना ही नहीं, लगातार यह कहा जा रहा था कि सुशांत की जिस दिन मौत हुई उससे पहली वाली रात को घर में पार्टी हुई थी। लेकिन पड़ोसी ने इस बात को भी खारिज कर दिया। सुशांत की पड़ोसी ने बताया कि उस रात सुशांत सिंह के घर में किसी तरह की कोई पार्टी नहीं हुई थी।

**सुशांत के फ्लैट पर क्राइम सीन रि-क्रिएट करने पहुंची सीबीआई-**सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले की जांच कर रही सीबीआई की टीम फोरेंसिक विशेषज्ञों के साथ शनिवार की दोपहर को अभिनेता के बांद्रा स्थित फ्लैट पर पहुंची। एक अधिकारी ने बताया कि राजपूत के फ्लैट में सीबीआई की टीम फोरेंसिक विशेषज्ञों के साथ मिल कर वारदात की क्राइम सीन तैयार करेगी, जहां वह 14 जून को लटकते पाए गए थे।

## देश में कब तक तैयार हो जाएगी कोरोना वैक्सीन? जानिए स्वास्थ्यमंत्री का जवाब

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस से देश में अब तक देश में संक्रमितों की संख्या 30 लाख के पार कर गई है। तेजी से फैल रही इस कोरोना महामारी से बचने के लिए लोगों को बेसब्री से कोरोना वैक्सीन का इंतजार है। स्वास्थ्य मंत्री से जब शनिवार को कोरोना वैक्सीन के आने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने जवाब दिया कि इस साल के अंत तक वैक्सीन बनकर तैयार हो जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री हर्ष वर्धन ने कहा, हमारी एक वैक्सीन का परीक्षण तीसरे चरण में है। हमें पूरा विश्वास है कि इस साल के आखिर तक वैक्सीन बनकर तैयार हो जाएगी। हर्षवर्धन ने कहा कि भारत में कोविड-19 से ठीक होने की दर सबसे बेहतर करीब 75 प्रतिशत है और इसमें रोजाना सुधार हो रहा है, जबकि मृत्युदर दुनिया में सबसे कम 1.87 प्रतिशत है। दिल्ली के नजदीक गाजियबाद में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के 10 बिस्तरों के अस्थायी अस्पताल का उद्घाटन करते हुए हर्षवर्धन ने कहा कि भारत ने 8 जनवरी से ही कोविड-19 से निपटने की रणनीति बनाने की शुरुआत कर दी थी जब दुनिया को इस महामारी की जानकारी मिली थी।

उन्होंने कहा, कई बुद्धिमान लोगों, वैज्ञानिकों और नकारात्मक सोच वाले लोगों का



आकलन था कि 135 करोड़ आबादी वाले भारत में जुलाई-अगस्त तक 30 करोड़ लोग कोरोना वायरस से संक्रमित होंगे और 50 से 60 लाख लोगों की मौत हो जाएगी और देश की स्वास्थ्य प्रणाली इस महमारी से निपटने में अक्षम है। हर्षवर्धन ने कहा, हालांकि, मुझे खुशी है कि आठ महीने की लड़ाई के बाद भारत में ठीक होने की दर सबसे बेहतर 75 प्रतिशत है और 30 करोड़ लोगों के संक्रमित होने के अनुमान के विपरीत संक्रमितों की संख्या 30 लाख तक भी नहीं पहुंची है। उन्होंने कहा, तथ्य यह है कि 22 लाख मरीज ठीक होकर घर जा चुके हैं और अन्य सात लाख भी जल्द स्वस्थ्य हो जाएंगे। मंत्री ने कहा कि यह सफलता समन्वित प्रयासों के साथ सभी (सरकार और लोगों) की साझेदारी से मिली है। उन्होंने कहा कि भारत में कोविड-19 से होने वाली मौतों की दर 1.87 प्रतिशत है जो दुनिया में सबसे कम है। मंत्री ने कहा कि इसमें रोजाना सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा, हमने पुणे में केवल एक जांच प्रयोगशाला से शुरुआत की थी लेकिन हमने संक्रमण का पता लगाने की क्षमता के साथ जांच क्षमता को भी मजबूत किया। हर्षवर्धन ने कहा, आज, भारत में कोविड-19 जांच के लिए 1,511 प्रयोगशालाएं हैं और शुक्रवार को हमने करीब 10 लाख से ज्यादा नमूनों... करीब 10.23 लाख नमूनों की जांच की। उन्होंने कहा कि इतने कम समय में पूरे देश में कोविड-19 मरीजों को समर्पित 15 हजार अस्पतालों में 15 लाख बिस्तरों की व्यवस्था की गई और अगर इसमें पृथकवास सुविधा को भी जोड़ दिया जाए तो कुल बिस्तरों की संख्या 25 लाख है। हर्षवर्धन ने एनडीआरएफ को आपदा प्रबंधन के साथ-साथ कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में भी योगदान के लिए बधाई दी। एनडीआरएफ ने एक बयान में कहा कि स्वास्थ्य मंत्री द्वारा जिस अस्पताल का उदघाटन किया गया है, वह गाजियाबाद की आठवीं बटालियम में स्थित है और इसे वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुंसाधन परिषद (सीएसआईआर) की प्रयोगशाला केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीबीआरआई) रूडकी के सहयोग से तैयार किया गया है। एनडीआरएफ के महानिदेशक एसएन प्रधान ने कहा कि बल की योजना मेक इन इंडिया अभियान को प्रोत्साहित करने के लिए सभी आपदा मोचन उपकरणों की खरीद रक्षा अनुसंधान विकास संगठन (डीआरडीओ) और सीएसआईआर से करने की है।


P TV NEWS INDIA

PUSHPANJALI TODAY न्यूज़ नई सोच नई पहल

ग्वालियर से प्रकाशित

पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय हिंदी मासिक पत्रिका ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल, न्यूज़ पोर्टल, एंड्राइड ऐप को

सम्पूर्ण भारत में मनोनीत करना है

ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर, विज्ञापन प्रतिनिधि

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश

आंध्रप्रदेश अरुणाचल प्रदेश जम्मूकश्मीर, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

कार्यालय- ए ब्लॉक 404 भाऊ साहब पोतनीस एनक्लेव गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश

8269307478, 7999245460

website - www.pushpanjalitoday.com

Email - pushpanjalitoday@gmail.com

# अटेर क्षेत्र की जनता बिकाऊ नहीं स्वाभिमानी हैः डॉ अरविंद सिंह भदौरिया

**भिंड।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सहकारिता मंत्री अटेर विधायक डॉ अरविंद सिंह भदोरिया ने कांग्रेस के पूर्व विधायक हेमंत कटारे द्वारा एक टीवी चैनल चैनल के डिबेट में अटेर विधानसभा क्षेत्र की जनता को बिकाऊ कहकर अपनी ओछी मानसिकता को प्रदर्शित किया है। जो कभी क्षेत्र में जनता के सुख और दुख में शामिल नहीं होते उन्हें ऐसी टिप्पणी करने से पहले यह सोचना चाहिए कि हम कितने स्वच्छ और ईमानदार हैं। अटेर क्षेत्र की जनता बिकाऊ नहीं स्वाभिमानी हैं हमेशा विकास और सत्य के साथ आगे बढ़कर कार्य करती है। प्रदेश सरकार में सहकारिता मंत्री और अटेर विधानसभा क्षेत्र की जनता का नेतृत्व कर रहे डॉ अरविंद भदौरिया ने पूर्व विधायक हेमंत कटारे पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जिन्होंने हमेशा अटेर विधानसभा क्षेत्र की जनता पर कुछ ना कुछ आरोप लगाकर

## पूर्व विधायक हेमंत कटारे ने बिकाऊ कहकर अटेर क्षेत्र की जनता को किया अपमानित

उनको अपमानित हमेशा से करते रहे कई धनबल का आरोप लगाते हैं यह कांग्रेस की संस्कृति में ही है क्षेत्र के विकास के लिए एक योजना तो नहीं बनाई अगर वे चाहते तो मध्य प्रदेश में 15 माह तक कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार रही मात्र उन्होंने एक काम जरूर किया कि भाजपा कार्यकर्ताओं और क्षेत्र की जनता पर झूठे आरोप लगाकर उन पर पुलिस थानों में पंजीबद्ध कर आए। डॉक्टर भदोरिया ने कहा कि अटेर विधानसभा क्षेत्र की जनता का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और उन्हें अपने शब्द वापस लेना चाहिए अटेर क्षेत्र की जनता से माफी मांगना चाहिए।

**हेमंत कटारे के बयान की निंदा**–भाजपा जिला उपाध्यक्ष जनपद सदस्य शिवराज सिंह यादव अटेर जनपद के उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह भदोरिया भाजपा महिला मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष श्रीमती सुशीला नरवरिया श्रीमती प्रियंका पालीवाल जिला सहकारी बैंक के पूर्व उपाध्यक्ष ओमप्रकाश लारिया भाजपा मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र पालीवाल चिकित्सा प्रकोष्ठ के पूर्व जिला संयोजक डॉक्टर के पी कर सो लिया युवा नेता सोनू करसोलिया अशोक सिंह बघेल ज्ञानेश पुरोहित रामअवतार शर्मा सुरपुरा मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह भदोरिया पिपरी मंडल के अध्यक्ष रायसिंह नरवरिया थान सिंह भदोरिया राजीव सिंह भदोरिया रुदौली अटेर मंडल अध्यक्ष संतोष सिंह तोमर किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष थान सिंह भदोरिया भाजपा नेता पदम चंद जैन प्रमुख हैं।

## अपर कलेक्टर कार्यालय बैहर में कराया गया दो जोड़ों का विवाह

बालाघाट। विशेष विवाह अधिनियम के अंतर्गत 22 अगस्त 2020 को अपर कलेक्टर कार्यालय बैहर में दो जोडो का विवाह कराया गया। विशेष विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्री शिवगोविंद मरकाम ने नव विवाहित जोड़ों को विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किया। वार्ड नंबर-13, रेल्वे क्रासिंग के पास, बालाघाट निवासी 37 वर्षीय विनित कुमार शुक्ला एवं उत्तरप्रदेश के बलिया जिले की रसड़ा तहसील के ग्राम पालचन्द्रहा की मूल निवासी, वर्तमान में वार्ड नंबर-13 बालाघाट की निवासी 26 वर्षीय निधि पांडे ने विशेष विवाह अधिकारी बैहर के समक्ष विवाह कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। इसी प्रकार वार्ड नंबर-20, भीमजोरी, बिरसा तहसील के निवासी 29 वर्षीय अब्दुल वकील खान एवं कंचन नगर वार्ड नंबर-15 चारटोला मलाजखंड की 29 वर्षीय तानिया सिंह ने विवाह कराने के लिए विशेष विवाह अधिकारी बैहर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया था।



## पंचायत भवन बनवाने हेतु की दो बीघा भूमि दान

जोधपुर। बावड़ी क्षेत्र के मेलाणा गांव के मेघवाल समाज के भामाशाह कुशालराम पुत्र रामुराम जी कड़ेला ने अपनी ही जमीन से दो बीघा जमीन दान में दी गयी।आकाशवाणी वरिष्ठ श्रोता छैलाराम मेघवाल ने बताया कि मेलाणा गांव में पंचायत भवन बनवाने हेतु उपलब्ध जमीन नहीं होने की वजह से कुशालराम कड़ेला ने अपनी ओर से दो बीघा जमीन दान रुपी देकर अपना कर्तव्य निभाया। इस खुशी से मेलाणा गांव के ग्रामीणों ने माला पहनाकर भविष्य स्वागत किया गया।



## आईमाता मन्दिर प्रागण में गणपति प्रतिमा स्थापित की गई

**नारायणलाल सैणचा**

**मैसूरु।** यहां के केआरएस रोड पर स्तिथ श्री आईमाता मंदिर के प्रांगण में श्री आईजी सेवा संघ की और से 12 वा गणेश उत्शव बडेर परिसर में आकर्षक पंडाल सजाकर विघ्नविनाशक की भव्य एवं मनोहारी गणपति प्रतिमा स्थापित की गई। दूब, रंगबिरंगे फूल, बेलपत्र आदि से पूजा-अर्चना की गई। संघ के अध्यक्ष मोटाराम सोलंकी ने कहा कि गणपति प्रथम पूज्य देव हैं। इनकी पूजा अत्यंत ही सरल है। श्री आईमाता मंदिर परिसर में विगत 11 वर्षो से गणेशोत्सव का आयोजन होता आ रहा है। मनोहर सीरवी ने बताया की इस मौके पर समाज के संघ के अध्यक्ष रूपाराम राठौड़, गैर मण्डल अध्यक्ष मोहनलाल सोलंकी, गोपाराम सोलंकी, त्रिलोक राम परिहार, मगाराम सीरवी आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेस पुर्व विधायक हेमंत कटारे द्वारा अटेर जनता को बिकाऊ कहे जाने के विरोध में

### भाजयुमो जिला मंत्री अभिषेक मिश्रा एवं क्षेत्रीय जनता ने ग्राम परा एवं सुरपूरा में हेमन्त कटारे का एक साथ दो पुतले दहन किये

भिण्ड। अटेर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसी पूर्व विधायक हेमंत कटारे ने 24 चैनल के डिबेट में अटेर विधानसभा क्षेत्र की जागरूक जनता को बिकाऊ कहकर अपमानित किया है जिसके विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला मंत्री श्री अभिषेक मिश्रा के नेतृत्व में ग्राम पंचायत परा एवं सुरपुरा तिराहे पर पूर्व विधायक कटारे का एकसाथ दो पुतले दहन किये और क्षत्रीय जनता ने अपना विरोध प्रकट किया। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलामंत्री श्री अभिषेक मिश्रा( परियाया) के नेतृत्व में सैकड़ों युवा कार्यकर्ताओं ने रिदोली पहुँचमार्ग से परा एवं सुरपुरा मार्ग तक पुतला लेकर पहुंचे जहां कांग्रेस नेता के विरुद्ध नारेबाजी करते हुये पुतला दहन किया और कहा हेमन्त कटारे होश में आओ माफी मांगों माफी मांगो, अटेर की जनता बिकाऊ नही टिकाउ हैं टिकाऊ हैं, अपने शब्द वापस लो। भाजपा युवा नेता अभिषेक मिश्रा ने कहा कि पूर्व विधायक कटारे ने अटेर की जनता को बिकाउ क्यों कहा? क्या उनके पास प्रमाण हैं? ऐसे आरोप लगाने से पहले वे अपने गिरेबान मे झाँक कर देखें की जिन्होंने 2018 के चुनाव में क्षत्रिय जनता को धनबल से ख़रीदने का प्रयास किया ने लेकिन अटेर की जनता की स्वाभिमानी हैं जिसने क्षेत्र के विकास के लिये डॉ श्री अरविंद सिंह भदौरिया को विधायक बनाकर विधानसभा पहुंचाया क्योंकि कांग्रेस से जनता का विश्वास हट चुका था। इस पुतला दहन कार्यक्रम में सुरपुरा के पूर्व सरपंच अशोक पुरोहित, अतुल कान्त शर्मा,मोहित सिंह भदौरिया बिजौरा,विकास तोमर ( छुछंरी ), शिवम तोमर , रिपुदमन सिंह भदौरिया ( हमीरा पूरा) ,भूरे जोशी (परा), मनोज जोशी (परा), इन्देश भदौरिया, विवेक राजावत, श्याम तोमर,शनि भदौरिया आदि लोग मौजूद थे।

## मालनपुर में सैनिक स्कूल खोलने से भिंड और चंबल क्षेत्र का विकास आगे बढ़ेगा : नाथू सिंह गुर्जर

**भिंड।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने कहा कि की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार भिंड और चंबल क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए आगे बढ़ रही है। गोहद विधानसभा क्षेत्र के मालनपुर में सैनिक विद्यालय खुलने से भिंड और चंबल क्षेत्र से जुड़े सभी जिलों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के हर वर्ग के युवाओं को उसमें पढ़ने का अवसर मिलेगा जिसे भिंड जिले से ही विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जाए कि विरोधी दल जो आज तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं उन्हें छोड़कर विकास में अपना सहयोग करें जिससे जिले का युवा सैनिक विद्यालय में अपनी योग की शिक्षा के साथ आगे बढ़ कर और सैन्य अधिकारी बनकर देश का नाम के साथ-साथ अपने भिंड जिले का भी नाम रोशन कर सकें।

उन्होंने कहा कि विरोधी दल मालनपुर में स्कूल खोले जाने से केंद्र सरकार से लेकर केंद्रीय मंत्री और सांसद संध्या राय का जो विरोध कर रहे हैं वह अपने पहले गिरेबान में झांक कर देखें कि हम कितने स्वच्छ और ईमानदार हैं देश की स्वतंत्रता हुए आज कई वर्ष बीत गए लेकिन चंबल के भिंड और मुरैना जोकि चंबल क्षेत्र और संवाद के तहत आता है सैनिक स्कूल अगर कांग्रेस चाहती तो बहुत पहले ही हो चुकी थी लेकिन उन्होंने हमेशा चंबल क्षेत्र के

### मालनपुर में सैनिक स्कूल को भिंड जिले से ही जोड़ा जाए विरोधी दल युवाओं को ना बढ़ाएं

साथ सौतेला बिहार किया आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह जी तोमर और सांसद श्रीमती संध्या राय जिन्होंने हमेशा भिंड दतिया के साथ-साथ सर्व समाज के विकास की चिंता करते हुए लोकसभा सदन में अपनी बात को रखा आज भिंडी ऋषि की पावन तपोभूमि को विकास के लिए वह सौभाग्य प्राप्त हुआ है 7 जहां चंबल एक्सप्रेस में नए प्रोग्राम के साथ स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेई जी के नाम से नामांकन किया गया दूसरा मालनपुर में सैनिक विद्यालय की स्थापना की स्वीकृति मिली मालनपुर में क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नगर परिषद बनाने की अपनी कैबिनेट में सिर्फ एक ही दी और जिसका वार्डों का आरक्षण भी प्रारंभ हो गया है जिससे मालनपुर शहर के विकास को गति दी जाएगी क्या कांग्रेस ने कभी यह सोचा मात्र किसान गरीब मजदूरों युवाओं को हमेशा झूठ बोलकर उनके वोट बैंक पर राजनीति करते रहें और अपना निजी स्वार्थ के प्रयास जनता को हमेशा बढ़ाते रहें मध्यप्रदेश के उद्देश्य मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के युवाओं को प्रदेश में ही नौकरी देने का कानून भी बनाया 7 अगर विरोधी दल कांग्रेस बसपा अन्य लोग जनता को बढ़ाते हैं तो सर्वप्रथम अपना स्वार्थ सोचते हैं 7भारतीय जनता पार्टी केवल व्यक्ति नहीं विचार देश की राष्ट्रीय एकता और अखंडता राष्ट्रपति भारत निर्माण की कल्पना को लेकर समाज में काम कर रही है राष्ट्रहित के निर्णय लेकर देश के प्रधानमंत्री जी ने देश की 135 करोड़ जनता के सामने ईमानदार छवि को आगे बढ़ाया है।

## आरपीएफ व जीआरपी ने 24 किलो गांजा के साथ 3 युवक को किया गिरफ्तार



**आगरा।** प्रभारी पुलिस अधीक्षक रेलवे अनुवाद आगरा आशीष तिवारी व वरिष्ठ मंडल सुरक्ष पीके पांडा के आदेश से अपराध और रोकथाम व अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाए जा रहे है। अभियान के अंतर्गत जीआरपी सीओ गजेंद्र पाल सिंह पुलिस उपाध्यक्ष रेलवे आगरा विजय सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी आरपीएफ प्रभारी वीके पचौरी आगरा कैंट के कुशल नेतृत्व में जीआरपी आरपीएफ की संयुक्त टीम द्वारा आगरा जीआरपी और आरपीएफ पुलिस ने पकड़ा 3 नाजयज गांजा तस्करो को विशाखापट्नम से लेकर आरहे थे आगरा केंट रेलवे स्टेशन पर जीआरपी आरपीएफ व जीआरपी चेकिंग के दौरान 3 नाजयज गांजा तस्करो को किया गिरफ्तार 24 किलोग्राम गांजा के साथ किया गिरफ्तार 24 किलो गंजे लगभग कीमत ढाई लाख रुपए बताई जा रही है गांजा तस्करो नाम गुड्डु मोहित कुमार और ललित कुमार बताया जा रहा है जीआरपी आरपीएफ पुलिस कई गांजा तस्करो को भेज चुकी है जेल जीआरपी दिनेश चंद्र आरपीएफ अनिल कुमार गौतम सुरेश चौधरी रघुराज सिंह सुनील कुमार सिंह सुशील तिवारी उमेश मौजूद रहे।



## थाना बडोनी में विराजे विघ्नहर्ता

**संदीप प्रधान**

थाना बडोनी में थाना प्रभारी रविन्द्र शर्मा और समस्त स्टाफ ने विघ्नहर्ता गणेश जी की छोटी माटी की प्रतिमा को ऑफिस में विराजित किया, साथ ही समस्त थाना क्षेत्र वासियो को कोरोना संक्रमण काल मे सामूहिक रूप से धार्मिक आयोजन न किये जाकर घर मे ही गणपति विराजित करने का दिया संदेश। सामाजिक दूरी का करे पालन ,मुँह पर लगाये मास्क , आयो मिलकर लड़े कोरोना से।




## निवृतमान जिला प्रमुख पेमाराम सीरवी ने गोशाला में पोधरोपण किया

**नारायणलाल सैणचा**



जिला प्रमुख पेमाराम सीरवी ने पिपलिया कल्ला गांव के गोशाला में आज पोध रोपण किया गया। पेमाराम सीरवी ने बताया कि प्रकृति के प्रति जागरूकता क्षेत्र के लोगों को होनी चाहिए ओर प्रकटी ने हमें बहुत कुछ दिया है इसके बदले में हमे एक पोधा हर परिवार से लगवाकर उनके परवरिश भी करनी चाहिए। इस दौरान जिला प्रमुख पेमाराम सीरवी ने समाज बंधुओं के साथ गायो के लिए अमावसया के शुभ अवसर पर मीठी लापसी भी खिलाई। जिला प्रमुख को क्षेत्र के लोग पर्यावरण प्रेमी ओर गो भक्त भी कहते हैं। इस दौरान कई सामाजिक कार्यकर्ता मोजूद रहें राजा योगी संधियनथ , उर्जाराम सैनचा, नेतिराम परिहार, मंगला राम माली, लक्ष्मण सांखला, सोहनराम राठोड़, ।श्यामलाल सुथार आदि मौजूद रहे।



# भोपाल, इंदौर, उज्जैन, शाजापुर सहित मध्य प्रदेश के कई इलाकों में भारी बारिश





**भोपाल ।** मध्य प्रदेश में बीते 36 घंटे से बारिश का दौर जारी है। भोपाल, इंदौर समेत प्रदेश के कई जिले तरबतर हो गए हैं। तेज हवाएं भी चल रही है। नदियां उफान पर आ गई है और बाढ़ जैसे हालात बनने लगे हैं। भोपाल में कई निचली बस्तियों में पानी भर गया है। थाने से लेकर मंदिर और घरों तक पानी घुसने की खबरें हैं। निचले इलाकों में रातभर पानी भरा रहा और लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। भोपाल शहर में बीते 24 घंटे के भीतर साढ़े 8 इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी है। अभी भी तेज हवाओं के साथ बारिश का दौर जारी बना हुआ है। मौसम विभाग द्वारा सीहोर जिले में सर्वाधिक औसत 316 मिमी यानी 12.4 इंच बारिश दर्ज की गई है।

मौसम विभाग की माने तो बीते 24 घंटे में (21 अगस्त की सुबह 8 बजे से 22 अगस्त की सुबह 8 बजे तक) भोपाल शहर में औसत 8.59 इंच (215.4 मिमी), भोपाल जिले में औसत 8.2 इंच (210.6 मिमी) बारिश हो चुकी है। इंदौर में औसत 10.3 इंच (263.4 मिमी) बारिश हुई है। इसी प्रकार होशंगाबाद जिले में औसत 182.2 मिमी, उज्जैन में 115 मिमी, रायसेन में 147.4 मिमी, शाजापुर में 103 मिमी, खंडवा में 93 मिमी, धार में 104.4 मिमी, गुना में 32.8 मिमी, खजुराहो में 37 मिमी, सतना में 11.8 मिमी, रीवा में 4.4 मिमी, दमोह में 29 मिमी, रतलाम में 49 मिमी, बैतूल में 48.6 मिमी, सागर में 53.4 मिमी, पचमढ़ी में 12 मिमी, जबलपुर में 10.5 मिमी, ग्वालियर में 7.2 मिमी, खरगोन में 27 मिमी बारिश हो चुकी है। प्रदेश के अन्य जिलों में भी तेज और रिमझिम बारिश का दौर जारी बना हुआ है। छिंदवाड़ा जिले में 27 मिमी, सिवनी में 15.2 मिमी, मंडला में 26 मिमी, नरसिंहगढ़ में 39 मिमी बारिश हुई है। दतिया में 7.7 मिमी बारिश हुई है।सीहोर में सर्वाधिक बारिश होने से नदियां उफान पर है। कई रास्ते बंद हो गए हैं। सीहोर जिले के आष्टा में 9.52 इंच (242 मिमी) और बुधनी में 7.67 इंच (195 मिमी) बारिश हो चुकी है। भारी बारिश से बढ़ते जल स्तर के बाद होशंगाबाद में तवा डैम के पांच गेट खोल दिए गए हैं। पांच-पांच फीट खोले गए गेट से 40415 क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज किया जाएगा। तवा के केचमेंट एरिया में लगातार बारिश हो रही है। होशंगाबाद में नर्मदा नदी का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है। बालाघाट में लगातार हो रही बारिश से बांध व नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। सिवनी के भीमगढ़ बांध से शुक्रवार को पानी छोड़े जाने से वैनगंगा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। नदी खतरे के निशान के ऊपर बह रही है। नदी के मुहाने बसे गांवों को अलर्ट के दिया गया है।इससे बाघ,देव,सोन नदी का जलस्तर भी उछाल मार रहा है। झाबुआ जिले के रानापुर में शुक्रवार रात से शुरू हुई बारिश शनिवार सुबह तक जारी रही।

## पुलिस क्राइम ब्रांच की संयुक्त कार्रवाई पकड़ी शराब

भिंड। पुलिस अधीक्षक भिंड मनोज सिंह के निर्देशन ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव कंचन व एसडीओपी लहार दिनेश सिंह बैश्य के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे धर पकड़ अभियान के तहत लहार थाना प्रभारी उपेंद्र छारी एवम क्राइम ब्रांच प्रभारी सत्यवीर सिंह,व अमायन थाना प्रभारी शिवप्रताप सिंह एव लहार थाना उपनिरीक्षक सत्येंद्र सिंह कुशवाह ने मुखबिर की सूचना पर कार्यबाही को अंजाम देते हुए लहार थाना अंतर्गत शिकरी रोड पर खेत मे बनी एक कोठी पर शराब बनाने की फैक्ट्री पकड़ी। जिसमे तलाशी के दौरान 6 पेटी प्लेन दारू,23 क्वाटर मसाला, 323 क्वाटर देशी शराब। टोटल 58.140 लीटर शराब मौके से जप्त की है। साथ ही क्वाटर शील्ड करने की एक मशीन,नापने का प्लास्टिक का पैमाना,6 झाल, खाली क्वाटर,थर्मामीटर, मसाला स्टीकर,एक मोटरसाइकिल सहित आरोपी सोनू भागने में सफल रहा। जिसे गिरफ्तार करने ठिकानों पर दविश दी जा रही है।

## सार्वजनिक स्थलों पर प्रतिमाओं के विसर्जन पर रहेगा प्रतिबंध

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि आगामी गणेश उत्सव एवं अन्य त्यौहारों के अवसरों पर कोरोना संक्रमण न फैले इसके लिए आवश्यक है कि हम त्यौहार घर पर ही मनाएं। उन्होंने अपील की है कि कोरोना संबंधी सभी सावधानियां मास्क लगाने, सोशल डिस्टेंसिंग रखने आदि का अनिवार्य रूप से पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर मूर्तियों की स्थापना, ताजिए निकाले जाना आदि पूर्ण रूप से प्रतिबंधित हैं। कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए घर पर स्थापित प्रतिमाओं आदि का सार्वजनिक स्थलों पर विसर्जन भी प्रतिबंधित रहेगा। विसर्जन के लिए हर वार्ड/क्षेत्र में कलेक्शन पॉइन्ट्स बनाए जाएंगे, जहां पूरे सम्मान एवं पवित्रता के साथ गणेश प्रतिमाओं को एकत्रित किया जाएगा। इसके उपरांत स्थानीय निकाय उन्हें विसर्जन स्थलों पर ले जाकर विसर्जित करेंगे। उन्होंने इस संबंध में मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस को जिलों को विस्तृत गाइड लाइन जारी करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान मंत्रालय में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में वी.सी. से चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग शामिल हुए। बैठक में मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, डीजीपी श्री विवेक जौहरी, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मोहम्मद सुलेमान आदि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश की रिकवरी रेट 76.1 हो गई है। प्रदेश में एक्टिव मरीजों की संख्या 10 हजार 928 है तथा तुलनात्मक रूप से देश में प्रदेश 16 वें स्थान पर है। प्रदेश की पॉजिटिविटी रेट 4.47 प्रतिशत है। टैस्ट प्रति दस लाख 13 हजार 788 हैं। प्रदेश में बिना लक्षण वाले कोरोना पॉजीटिव प्रकरणों में होम आइसोलेशन बढ़ रहा है। प्रदेश में अभी 1617 व्यक्ति (15 प्रतिशत) होम आइसोलेशन में हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### आबकारी मामलों के लिये गठित मंत्रिपरिषद समिति की बैठक

**भोपाल।** आबकारी मामलों में निर्णय लेने के लिये गठित मंत्रिपरिषद समिति की बैठक शुक्रवार को मंत्रालय में हुई। बैठक में वर्ष 2020-21 के लिये प्रदेश के 52 जिलों में देशी मदिरा प्रदाय व्यवस्था के लिये राज्य के 11 डिस्टलरों से प्रति-पेटी थोक दरों पर विचार हुआ। बैठक में वाणिज्यिक कर, वित्त, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री श्री जगदीश देवड़ा, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह तथा आदिम जाति कल्याण, अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री कु. मीना सिंह उपस्थित थे। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह और पशुपालन, सामाजिक न्याय एवं निन्शक्तजन कल्याण मंत्री श्री प्रेमसिंह पटेल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे।

### भाप्रसे के अधिकारियों की नवीन पद-स्थापना

**भोपाल।** राज्य शासन ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की नवीन पद-स्थापना की है। कलेक्टर, जबलपुर श्री भरत यादव को आयुक्त, मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, कलेक्टर पन्ना श्री कर्मवीर शर्मा को कलेक्टर जबलपुर बनाया गया है। श्री संजय कुमार मिश्रा संयुक्त आवासीय आयुक्त, मध्यालोक भवन, मुम्बई तथा अतिरिक्त प्रबंध संचालक, दि-प्रोविडेंट इन्वेस्टमेंट कम्पनी लिमिटेड, मुम्बई को कलेक्टर, पन्ना, श्री स्वतंत्र कुमार सिंह, अपर आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा अतिरिक्त प्रबंध संचालक मेट्रो रेल भोपाल को संचालक (पुनर्वास) नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, श्री संजय गुप्ता संचालक (पुनर्वास) नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण को कलेक्टर हरदा, सुश्री प्रियंका दास कलेक्टर मुरैना को प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य बीज एवं फार्म विकास निगम और श्री अनुराग वर्मा कलेक्टर हरदा को कलेक्टर मुरैना पदस्थ किया गया है। सुश्री प्रियंका दास द्वारा कार्यभार ग्रहण करने पर श्रीमती सूफिया फारुकी वली, राज्य बीज एवं फार्म विकास निगम के अतिरिक्त दायित्व से मुक्त होंगी। इसी प्रकार श्री भरत यादव द्वारा आयुक्त, गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री निकुंज कुमार श्रीवास्तव, आयुक्त नगरीय प्रशासन केवल आयुक्त गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे।

### गांव के विकास से ही देश का विकास होगा- मंत्री श्री पटेल

**भोपाल।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने कहा कि किसान हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। किसान मजबूत होकर प्रतिस्पर्धा में आगे निकलेगा तो हमारा देश भी बढ़ेगा। मंत्री श्री पटेल %आत्मनिर्भर भारत और कृषि क्षेत्र का विकास% विषय पर आयोजित वेबिनार को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गांव के विकास से ही देश का विकास होगा।आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश और और आत्मनिर्भर भारत अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए किसान को आत्मनिर्भर बनाने की आवश्यकता है। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि कोरोना संक्रमण काल में जब सब कुछ लॉक डाउन से प्रभावित था तो मात्र कृषि ही ऐसा उद्यम रहा जो निरंतर चलता रहा। इतना ही नहीं इस से संबंधित अन्य व्यवसाय फल, फूल, सब्जी, दूध इत्यादि व्यवसाय भी निर्बाध रूप से चलते रहे । देश के बहुसंख्यक लोगों को रोजगार मिलता रहा। आम जनता का जीवन सुचारू रूप से चलता रहा। कोरोना संक्रमण काल ने बुजुर्गों की कहावत उत्तम खेती - मध्यम व्यापार को सही अर्थों में चरितार्थ किया है। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि केंद्र सरकार ने किसानों को लाभान्वित करने, खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए कृषि के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने का लक्ष्य रखा है। केंद्र सरकार द्वारा घोषित 20 लाख करोड़ रुपए के आत्मनिर्भर भारत अभियान में कृषि के लिए ही एक लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

## शिक्षा एवं स्वास्थ्य विषय पर मंत्री समूह की बैठक में आये महत्वपूर्ण सुझाव




भोपाल। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लिये शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के मकसद से आज चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मंत्री समूह की बैठक हुई। बैठक में मंत्रीगण ने उपयोगी सुझाव दिये।वीडियो कान्फ्रेंस में चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग ने कहा कि शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिये निजी और सरकारी स्कूल के बीच नॉलेज शेयरिंग होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक जैसी प्रकृति के शिक्षा से जुड़े विभागों के बीच नॉलेज कार्पोरेशन भी बनाये जाने की जरूरत है। उन्होंने प्रदेश में कम से कम एक को वर्ल्ड क्लास स्तर की मेडिकल यूनिवर्सिटी में अपग्रेड किये जाने की आवश्यकता बतायी। श्री सारंग ने कहा कि शिक्षा से जुड़े सभी विभागों के बीच कम से कम हर तीन महीने में उचित फोरम पर चर्चा किये जाने की आवश्यकता है। इस चर्चा में सामने आएं सुझाव पर हम प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार कर सकेंगे। उच्च शिक्षा मंत्री श्री मोहन यादव ने सुझाव दिया कि हाल ही में घोषित नई शिक्षा नीति को जन-सामान्य तक पहुँचाने के लिये विषय-विशेषज्ञों के व्याख्यान कराए जाने चाहिए। उन्होंने प्रदेश में व्याख्यानों की श्रृंखला 5 सितम्बर शिक्षक दिवस से 25 सितम्बर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के मध्य कराये जाने का सुझाव दिया। संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने शिक्षा कार्य से जुड़े शिक्षकों की ड्यूटी अन्य कार्यों में न लगायें जाने का सुझाव दिया। मंत्रीगण ने स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूती देने के लिये अधोसरंचना के विकास से संबंधित उपयोगी सुझाव दिये। स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री श्री इंदर सिंह परमार ने सुझाव दिया कि प्रदेश में आदिम जाति कल्याण और स्कूल शिक्षा विभाग की शिक्षण संस्थाओं पर किसी एक विभाग द्वारा प्रशासकीय नियंत्रण किया जाना उपयोगी होगा।

## नशामुक्त भारत अभियान भोपाल सहित 15 जिलों में

**भोपाल।** सामाजिक न्याय एवं निन्शक्तजन कल्याण मंत्री श्री प्रेम सिंह पटेल ने बताया कि नशामुक्त भारत अभियान के तहत प्रदेश के 15 जिलों में 15 अगस्त से छः माही क्रियान्वयन शुरू किया गया है। अभियान में देशभर के 272 जिलों का चयन किया गया है, जिनमें प्रदेश के भोपाल, छिंदवाड़ा, दतिया, ग्वालियर, होशंगाबाद, इंदौर, जबलपुर, मंदसौर, नरसिंहपुर, नीमच, रतलाम, रीवा, सागर, सतना और उज्जैन जिले शामिल हैं। जिलों का चिन्हांकन नशीले पदार्थ और शराब से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्रों के विरुद्ध किये गये राष्ट्रीय सर्वेक्षण के आधार पर किया गया है। अभियान के तहत संबंधित जिलों में कलेक्टर की अध्यक्षता में समितियाँ गठित की गई हैं, जिनमें पुलिस, विधि, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय आदि विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों और सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारियों को शामिल किया गया है।

## अब 24 अगस्त तक हो सकेंगे यूजी कक्षा में प्रवेश के लिए पंजीयन




**भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग की यूजी कक्षाओं के प्रथम वर्ष में एडमिशन लेने की अंतिम तारीख बढ़ा दी है। अब 24 अगस्त तक यूजी कक्षा में एडमिशन लेने के लिए ऑनलाइन पंजीयन हो सकेंगे। इसके पहले पंजीयन की अंतिम तारीख 20 अगस्त थी। इसी तरह दस्तावेजों का सत्यापन कराने की अंतिम तारीख में भी विभाग ने इजाफा कर दिया है। अब 27 अगस्त तक दस्तावेजों का सत्यापन कराया जा सकेगा। उच्च शिक्षा विभाग ने प्रथम चरण में पीजी कक्षाओं के प्रथम सेमेस्टर में एडमिशन देने के लिए पंजीयन की प्रक्रिया 13 अगस्त से शुरू की थी। पीजी प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए छात्र पंजीयन यूजी द्वितीय वर्ष के प्राप्तांकों के आधार पर करा सकेंगे। पीजी कक्षा में ऑनलाइन पंजीयन कराने की अंतिम तारीख 28 अगस्त है। जबकि दस्तावेजों के सत्यापन की तारीख 29 अगस्त तय की गई है। अब तक यूजी कक्षा में एडमिशन के लिए तीन लाख साठ हजार छात्रों ने ऑनलाइन पंजीयन करा लिया है। जबकि करीब तीन लाख बीस हजार छात्रों ने दस्तावेजों का सत्यापन कराया है। इसी तरह पीजी कक्षाओं में एडमिशन के लिए अब तक करीब 38 हजार छात्रों ने पंजीयन कराया है। इनमें से दस्तावेजों का सत्यापन 12 हजार छात्रों ने करा लिया है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित की जा रही प्रवेश प्रक्रिया का सर्वर गुरुवार को काफी देर तक डाउन रहा। इससे प्रवेश प्रक्रिया धीमी गति से संचालित हुई। इसके कारण छात्र भी परेशान होते रहे। दस्तावेजों का सत्यापन कराने कॉलेज पहुंचे छात्रों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। छात्रों को लंबी लाइन में लगकर सत्यापन के लिए इंतजार भी करना पड़ा।

## प्रदेश में 362 आयुष वेलनेस सेंटर और 45 आयुष ग्राम की स्वीकृति

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की दिशा में प्रदेश में 362 आयुष वेलनेस सेंटर और 45 नवीन आयुष ग्राम की स्थापना की स्वीकृति दी गई है। आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री रामकिशोर कावरे ने स्वास्थ्य से समृद्धता की ओर%% के साथ ही स्वास्थ्य के प्रति ग्रामीणजनों को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीकृति जारी की है। इस संबंध में राज्य मंत्री श्री कावरे ने जुलाई अंत में हुई बैठक में निर्देश दिये थे। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर की स्थापना आयुष सिद्धांतों के आधार पर की जायेगी। इसके द्वारा ग्रामीणजनों की स्वयं की देखभाल के साथ योग, आहार, परामर्श एवं 12 चिन्हित स्वास्थ्य सेवाओं सहित उच्च गुणवत्तायुक्त पंचकर्म, रोग प्रतिरोधक, स्वास्थ्य संवर्धक तथा रोगोपचार की सेवाएँ दी जायेंगी। योजना का उद्देश्य ग्रामीणजनों को रोग अधिभार को कम करना भी है।

मध्यप्रदेश में 31 मार्च, 2020-21 तक प्रदेश में 362 आयुष हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर शुरू किया जाना है।

## जेपी अस्पताल में अब सभी जांचें होंगी ऑटोमैटिक, जांचों की संख्या भी बढ़ेगी



**भोपाल।** प्रदेश के लिए मॉडल कहे जाने वाले भोपाल के जेपी अस्पताल में सभी पैथोलॉजिकल और माइक्रोबायोलॉजिकल जांचें ऑटोमैटिक हो जाएंगी। इसके लिए पीपीपी माध्यम से जेपी अस्पताल में सेंट्रल पैथोलॉजी लैब (सीपीएल) बनाई गई है। हफ्ते भर से यहां ट्रायल चल रहा था जो सफल रहा। अब सभी नियमित जांचें इन मशीनों से की जाएंगी। जेपी समेत सभी जिला व कुछ सिविल अस्पतालों में मिलाकर 83 चिकित्सालयों में पीपीपी माध्यम से सीपीएल बनाई जा रही है। जेपी अस्पातल के सीपीएल में छह अत्याधुनिक मशीन लगाई गई हैं। सैंपल लेने के बाद पूरा काम मशीनों से होगा। सैंपल वाले वायल में बार कोडिंग रहेगी, जिससे मरीज की पूरी रिपोर्ट जांच के बाद अपने आप तैयार हो जाएगी। कुछ देर बाद मरीज के पास दिए गए मोबाइल नंबर पर संदेश भी पहुंच जाएगा कि रिपोर्ट तैयार हो गई है। इस व्यवस्था में जांचों की संख्या भी बढ़ाई जा रही है। जिला अस्पतालों में अभी तक अधिक से अधिक 48 तरह की जांचें की जा रही थीं। हालांकि, कई जिला अस्पताल ऐसे भी हैं जहां 30-35 जांचें ही हो रही थीं। अब मशीनों की संख्या बढ़ने से जांचें भी बढ़ जाएंगी। जेपी अस्पताल में अगले हफ्ते से 68 तरह की जांचें होने लगेंगी। धीरे-धीरे जांचों की संख्या बढ़ाकर 120 तक करने की तैयारी है। इसी तरह से सिविल अस्पतालों में भी 65 से 70 तरह की जांचें हो सकेंगी। स्वास्थ्य विभाग के अफसरों ने बताया कि जांचों की संख्या बढ़ने और गुणवत्ता बेहतर होने के बाद भी मरीजों पर कोई खर्च नहीं आएगा। पहले की तरह सभी जांचें मुफ्त रहेंगी।

## भोपाल, जबलपुर और सागर में भारी बारिश की चेतावनी



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के कई स्थानों पर झमाझम वर्षा का दौर जारी है। इसकी वजह दो सिस्टम हैं। गहरा कम दबाव का क्षेत्र पूर्वी मप्र पर सक्रिय है। मानसून द्रोणिका (ट्रफ) भी गुना से होकर गुजर रही है। मौसम विज्ञानियों ने शनिवार, रविवार को भोपाल, सागर, जबलपुर समेत प्रदेश के कई इलाकों में भारी वर्षा होने की चेतावनी दी है।

मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि शुक्रवार को सुबह 8.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक सागर में 49, भोपाल (शहर) में 36, इंदौर में 29.6, दमोह में 28, उमरिया, उज्जैन में 26, नरसिंहपुर में 23, होशंगाबाद में 21, खंडवा में 16, छिंदवाड़ा में 14, रायसेन में 13, भोपाल (एयरपोर्ट 9.8), जबलपुर में 9.1, गुना में सात, ग्वालियर में 6.4, बैतूल में छह, मलाजखंड में पांच, रीवा में चार, पचमढ़ी में तीन, धार, सतना, खजुराहो में दो मिमी. बारिश दर्ज की गई ।शुक्ला ने बताया कि बंगाल की खाड़ी से आगे बढ़ा गहरा कम दबाव का क्षेत्र पूर्वी मप्र में जबलपुर और गुना के बीच सक्रिय है। साथ ही मानसून द्रोणिका भी गुना से होकर बंगाल की खाड़ी तक जा रही है। उधर, अरब सागर से भी लगातार नमी मिल रही है। इस वजह से भोपाल सहित प्रदेश के कई स्थानों पर अच्छी बरसात हो रही है। रुक-रुक कर तेज बौछारें पड़ने का सिलसिला दो दिन तक जारी रहने की संभावना है। इसके अलावा 23 अगस्त को बंगाल की खाड़ी में एक और कम दबाव का क्षेत्र बनने जा रहा है। उसके सक्रिय होते ही बारिश का एक और दौर शुरू हो जाएगा।

मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक शनिवार को भोपाल, सागर, जबलपुर, उज्जैन, ग्वालियर संभाग में अच्छी बरसात होगी। इस दौरान कहीं-कहीं भारी वर्षा भी हो सकती है। रविवार को रीवा, सागर, जबलपुर, शहडोल और चंबल संभाग में कहीं-कहीं भारी बरसात होने की संभावना है।

## सीन रीक्रिएशन और कुछ अन्य गवाहों के बयान दर्ज हो सकते हैं ऑटोप्सी की फाइलों की जांच के लिए 5 सदस्यीय टीम बनाई गई



**मुंबई ।** अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में सुप्रीम कोर्ट से मिली हरी झंडी के बाद सीबीआई की 16 सदस्यों की टीम मुंबई में है। टीम आज सुशांत के बांद्रा स्थित घर जाकर सीन को रीक्रिएट कर सकती है। इसके अलावा इस केस से जुड़े कुछ लोगों से पूछताछ भी कर सकती है। इसमें सुशांत के घर काम करने वाले दीपेश सावंत और केशव बचनेर भी शामिल हैं। सीबीआई इस केस के सबसे अहम गवाह सिद्धार्थ पिठानी (सुशांत के रूममेट) से भी आज या कल पूछताछ हो सकती है। एम्स ने सुशांत ऑटोप्सी की फाइलों की जांच के लिए शुक्रवार को फोरेंसिक विशेषज्ञों के 5 सदस्यीय मेडिकल बोर्ड का गठन किया है। सीबीआई ने इस मामले में शुक्रवार को एम्स से राय मांगी थी। एम्स के फोरेंसिक विभाग के प्रमुख डॉ. सुधीर गुप्ता इस दल की अगुआई करेंगे। उन्होंने बताया, "हम हत्या की आशंका को देखेंगे, सभी संभावित एंगल की गहराई से जांच की जाएगी।" उन्होंने बताया कि विसरा की जांच की जाएगी। अभिनेता को अवसाद दूर करने के लिए जो दवाएं दी जा रही थीं, उनकी भी एम्स की लैब में जांच होगी।

### सीबीआई के सामने 3 चुनौतियां

1. सुशांत की मौत को 60 से ज्यादा दिन हो गए हैं। क्राइम सीन पर सबूत पूरी तरह मिट चुके होंगे। सीबीआई के पास सिर्फ मौके से ली गई तस्वीरें ही सहारा होंगी।
2. मुंबई पुलिस का पूरा रिकॉर्ड मराठी भाषा में है और उसे मराठी से इंग्लिश में ट्रांसलेशन कराने में लंबा वक्त लग सकता है। इनमें 56 गवाहों के बयान भी शामिल हैं।
3. सुशांत की मौत का कोई भी चश्मदीद गवाह नहीं है। केवल एक आदमी है जिसने डेड बॉडी को लटके देखा और उसने भी डेड बॉडी उतार दी। ऐसे में डेड बॉडी कहां और कैसे लटकी हुई थी उसके पैर कहां पर थे इन बातों को समझने के लिए भी सीबीआई को मशक्कत करनी पड़ेगी।

## बोलेरो से भिड़ी स्विफ्ट, एक दर्जन लोग घायल, लहार मिहोना के बीच की घटना

**भिंड (ब्यूरो)।** देर शाम लहार मिहोना रोड पर बोलेरो स्विफ्ट कार में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। गाड़ी में सवार एक दर्जन लोग घायल हो गए। जो रिश्तेदार की तेरहवीं में शामिल होकर लौट रहे थे। डायल हंड्रेड की मदद से लहार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया। जहाँ उनका इलाज दिया जा रहा है। कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लहार और मिहोना के बीच रोड पर तेज गति से आती हुई दो कारों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी की बोलेरों पलटी हुई रोड से 10 फुट दूर खंती में जा गिरी। जिससे वाहन में सवार तेज सिंह प्रेमवती, कु.राधा, कमलसिंह, दीपेंद्र सिंह, श्रीमती राधा, अर्चना,रोशनी, रिषभ,बबली घायल हो गए है जिनमे चार लोगों की हालत गम्भीर बताई जा रही है,बताया गया है। तेज सिंह पुत्र जेकरन सिंह निवासी सिहारी थाना माधोगढ़ अपनी रिस्तेदारी में तेरहवीं में शामिल होकर बापस ग्रहगाँव लॉट रहे थे,तभी मिहोना लहार के बीच मे उनकी बोलेरो से सामने से आ रही स्विफ्ट वाहन से टक्कर हो गई। बरहाल पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर लिया है।

### कांग्रेस के भिण्ड के कार्यकर्ता करेंगे 24 को भाजपा की सदस्यता ग्रहण

ग्वालियर में होने जा रहे तीन दिवसीय भाजपा के विशाल सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में सिंधिया गुट के भिण्ड के कार्यकर्ता 24 अगस्त को भाजपा की विधिवत संस्था ग्रहण करेंगे। सूत्रों से पता चला है की पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश दुबे, युवक कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष रणजीत सिंह कुशवाह, युवक कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील दुबे युवा नेता डॉ तरुण शर्मा, प्रिंस दुबे अपने कार्यकर्ताओं के साथ ग्वालियर में भाजपा नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा सदस्य ज्योतिरादित्य सिंधिया के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे।

## गौचर भूमी-गायों के लिए आरक्षित भूमी हो



पूर्वकाल में हर गाँवो में गायों के चरने विचरण करने के लिए जमीन छोड़ी जाती थी, उसे गौचर भूमी कहते थे। गौ चर - गौ यानी गौमाता और चर यानी गायों के चरने विचरने का स्थान। पूर्वकाल में गाँव के गुंदरे गाँव के आसपास काफी मात्रा मे गायो के लिए जमीन छोड़ी जाती थी। सदियों से गौचर ओरण ,गौराण , सरेडा,की जमीन ग्रामीण संस्कृती का अभिन्न हिस्सा रहा है! पर्यावरण संरक्षण व पुण्य भावना से प्रेरित होकर हर गाँव में ओरण व गौचर के लिऐ भूमी सुरक्षित रखी जाती थी। जिस पर घर तो क्या मंदिर मठ भी नहीं बनाये जाते थे! गौचर भूमी जहाँ गौ माता ,हरी हरी घास वनस्पतियां खाकर कर, सरोवरों का पानी पीकर धाप तृप्त होकर आराम से बैठती थी। गौचर भूमी पर गौ माता के अलावा किसी का अधिकार नहीं होता था। उस समय राजा और प्रजा दोनों मिलकर गौचर भूमी छोड़ते थे! कुछ लोग संतान प्राप्ती,,शुभ आयोजनों पर व स्वेच्छा से भी गौचर भूमी दान करते थे। उस गौचर भूमी पर किसी भी प्रकार का राज्य कर भी नही होता था !पुरे गाँव की गौओ वहाँ चरती और विचरण करती थी। लोग इस बात से डरते थे की गौचर भूमी का एक तिनका ,एक लकड़ी या एक दाणा भी घर पर न आऐ। इसलिए वो लोग गौचरण भूमी का सम्मान करते थे। गौचर भूमी से उत्पन्न धान्य और घास एक अग्नि के अंगारे के समान होता है जिसे गायो के अलावा कोई मनुष्य पचा नही सकता है। संतो महापुरूषो ने गौ ग्रास को अग्नि के अंगारो के समान बताया गया है!. कुछ बड़े बुजुर्ग कहते है की जिन लोगों के खेत की सीमा गौचर भूमी से लगती थी वो कीसान अपने खेत से गौचर भूमी से लगी सीमा पर 10-20 फुट तक खेती नही करता था। उन्हे इस बात का डर था की कई गौचर भूमी की मीट्टी हवा के द्वारा खेत मे आ गई हो उसमें अनाज पैदा होकर परिवार में आ जाये तो परिवार् मे नुकसान हो सकता है ,कुछ बड़े बुजुर्ग बताते है की किसी के खेत का रास्ता गौचर भूमी से होकर गुजरता था,जब लोग गौचर भूमी से होते हुऐ अपने खेत मे जाते थे जब गौचर भूमी समाप्त होकर खेत की सीमा लगती थी उससे पहले वो लोग अपने जूतों को भी उल्टा कर झटकते थे की कही गौचर भुमी की मीट्टी खेत मे न आ जाऐ। गौचर भूमी की मीट्टी खेत में आ गई और उनसे अन्न पैदा होकर खा लिया तो परिवार मे भंयकर विनाश हो सकता है!

**गौपुत्र हरीश कुमार पुरोहित**
**आलडी, जालोर (राजस्थान)**

## गजानन महाराज



भाद्र शुक्ल की चतुर्दशी,
मनत है गणपति त्योहार।
सवारी जिनका मूषक डिंक
मोदक है उनका मुख्य आहार।।
उमा सुत है प्रथम पूज्य,
कहलाते गजानन महाराज।
ऋद्धि सिद्धि संग पधार,
पूर्ण करो मेरे सब काज।
प्रिय मोदक संग चढ़े इन्हे,
दूर्वा, शमी और पुष्प लाल।
हे लंबोदर ! हे विघ्न नाशक !
आए हरो मेरे सब काल।।
हे ऋद्धि, सिद्धि दायक,
हे एकदंत ! हे विनायक !
गणेश उत्सव को द्ववार पधारो
बनो सदा हमारे सहायक।।
बप्पा गणपति पूजा हेतु,
दस दिवस को आए।
पुत्र शुभ लाभ संग पधार,
सारी खुशियां भर लाए।।
फूल, चंदन संग अक्षत, रोली,
हाथ जोड़ बप्पा हम करते वंदन।
हे गणाध्यक्ष !, हे मेरे शिवनंदन,
करो स्वीकार अब मेरा अभिनन्दन।।



**अंकुर सिंह**
**चंदवक, जौनपुर, उत्तर प्रदेश**
**मोबाइल नंबर - 8367782654.**
**व्हाट्सअप नंबर - 8792257267.**

## कम्प्यूटर से बात

एक दिन सपने में, कम्प्यूटर से वार्तालाप किया,
मिला मौका, कम्प्यूटर को आड़े हाथ ले लिया!
पूछा कम्प्यूटर से, ऐसी ना-इंसाफी क्यों किया,
छीनकर नौकरियां बेरोजगारी और बढ़ा दिया!
बात मेरी कड़वी लगी, कम्प्यूटर मुझपर गुर्राया,
अरे मूर्ख, पूछ उनसे, जिन्होंने मुझे यहां बसाया!
नीजी और सरकारी दफ्तरों में बिखेरा मेरा जाल,
बैंक व्यवहार मेरे भरोसे, बगैर मेरे ना गले दाल!
सारे काम करवाते मुझसे, क्यो मचाते हो बवाल,
कुर्सियां करते हो गर्म, उम्र होने तक सालों साल!
ना उलझो मुझसे नादानों, ना करो बेतुके सवाल,
करते रहोगे बर्दाश्त मुझे, रहोगे हरदम खुश हाल!
खुद मुझको सर पर बिठाया, बन बैठे मेरे गुलाम,
कैसे हो आज़ाद आप, अरे ओ भारत के लाल!

**मुख्तार शेख मनमाडी**
**8600700786**

## एक बच्चा

दु:खों की अश्रुधार से घिरा है
आज मुझको सड़क पर एक बच्चा मिला है।
पाँव कोमल किन्तु नग्न दिखा
कंधे पर झोला का भार लिए
व्यथा उसका उर को भेदती है पल-पल
मानों जग का दु:ख खड़ा हो उधार लिए।
सब धन क्या होगा सबका
जब अपना भाई भूखा हो
आये द्वार पर तो हसकर दे दो
जो अपने घर में रूखा-सूखा हो।
महेन्द्र कुमार मध्देशिया

**सिद्धार्थनगर, उत्तर प्रदेश**

# हमें उबारेगी आर्थिक सुधार की रोशनी

भारत में कोरोना वायरस से जान गंवाने वालों की संख्या 55 हजार से अधिक हो चुकी है, और यह आंकड़ा लगातार बढ़ता ही जा रहा है, हालांकि मृत्यु-दर में अब गिरावट दिखने लगी है। रिकवरी रेट, यानी कोरोना की जंग जीतने वाले मरीजों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। उम्मीद है कि अगले साल की शुरुआत तक इसका टीका आम लोगों के लिए उपलब्ध हो जाएगा। इन सबसे ऐसा लगता है कि महामारी का बुरा दौर बीत चुका है। जाहिर है, अब वह वक्त आ गया है कि अर्थव्यवस्था को गति दी जाए। 2020-21 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में एक से 15 फीसदी तक की गिरावट का अनुमान लगाया गया है। मेरा मानना है कि इसमें पांच प्रतिशत तक की कमी हो सकती है। दरअसल, अप्रैल-जून की तिमाही कोरोना से सबसे बुरी तरह प्रभावित हुई थी। साल-दर-साल उत्पादन बेशक घट रहा है, पर इसकी गति काफी धीमी है। चौथी तिमाही तक संभवत~ यह गति थमने लगेगी, जिससे उत्पादन फिर से लय पकड़ने लगेगा। इस सुधार का दायरा दूसरे क्षेत्रों में भी फैल सकता है। गैर-खाद्य ऋण (खेती व इससे जुड़ी गतिविधियों, उद्योग, सेवा और पर्सनल लोन जैसे कर्ज), ऊर्जा खपत, औद्योगिक उत्पादन, रोजगार और जीएसटी संग्रह जैसे प्रमुख संकेतकों के आंकड़ों का भी यही संकेत है। सिर्फ यह साल और अगला वर्ष सुखद नहीं है। 2021-22 के अंत में हमारा उत्पादन उस स्तर पर आ जाएगा, जिस स्तर पर 2019-20 के अंत में था। इसके बाद भारत की विकास-गाथा उन नीतियों पर निर्भर करेगी, जो अगले डेढ़ साल में अपनाई जाएंगी। तमाम विकल्प इसी बात पर निर्भर करते हैं कि हम आज कहां खड़े हैं। इस साल संयुक्त राजकोषीय घाटा जीडीपी का 10.5 प्रतिशत हो सकता है, या फिर इसमें राज्यों को अतिरिक्त उधार की मिली अनुमति को भी शामिल कर लें, तो यह 12.5 फीसदी तक जा सकता है। सार्वजनिक क्षेत्रों की उधार आवश्यकता, जिसमें सार्वजनिक उपक्रम भी शामिल हैं, जीडीपी की करीब 14-15 फीसदी हो सकती है। जीडीपी का करीब नौ प्रतिशत तरलता या नकदी बढ़ाने में लगाया गया है, यह राशि भी बड़े पैमाने पर मांग को प्रोत्साहित करेगी। अब इसका कितना हिस्सा उत्पादन की रिकवरी में मददगार होगा और महंगाई कितनी बढ़ाएगा, यह आपूर्ति की रुकावटें तय करेंगी। अधिकांश विश्लेषक मौजूदा मंदी पर अपना ध्यान लगाए हुए हैं, जबकि कुछ ने कीमतों में सामान्य स्तर से भी अधिक की गिरावट की आशंका जताई है। मगर मैं स्टैगफ्लेशन यानी मुद्रास्फीति जनित मंदी (बढ़ती महंगाई के साथ आने वाली मंदी) के खतरों का जिक्र करता रहा हूं, जो दुर्भाग्य से सही साबित हुआ है। जीडीपी में तेज गिरावट के साथ हमारी मुद्रास्फीति लगभग सात फीसदी तक बढ़ गई है और खाद्य मुद्रास्फीति भी 10 प्रतिशत के करीब है। इसीलिए 2022-23 तक देश की राजकोषीय और मौद्रिक नीतियों को धीरे-धीरे नियंत्रित तरीके से आगे बढ़ाना होगा। महामारी की वजह से आई वैश्विक मंदी और गहराता भू-राजनीतिक तनाव जब तक शांत नहीं होंगे, यह उम्मीद फिजूल है कि अंतरराष्ट्रीय कारक हमारे विकास में मददगार होंगे। हमारा चालू खाता तात्कालिक रूप से इसलिए बढ़ गया था, क्योंकि तेल की कीमतों में कमी के साथ-साथ जीडीपी में गिरावट से आयात में कमी आई थी। हालांकि, जैसे-जैसे हालात सुधरेंगे, आयात में तेजी आएगी, जिससे व्यापार घाटा बढ़ेगा और कुल मांग पर नकारात्मक असर होगा। इस सूरतेहाल में, अगर हम चाहते हैं कि हमारी विकास दर सात फीसदी या इससे अधिक हो, तो अच्छी रणनीति यही होनी चाहिए कि लंबित संरचनात्मक सुधारों को फिर से आगे बढ़ाते हुए निवेश और उद्योग का भरोसा जीता जाए। इस तरह के सुधारों में वित्तीय क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। सरकारी बैंकों को रिजर्व बैंक की विशेष निगरानी में लाया जाना चाहिए और उस पर सरकार का स्वामित्व 50 फीसदी से कम किया जाना चाहिए। हालांकि, यह सुधार अपने-आप में पर्याप्त नहीं है, क्योंकि यस बैंक, आईएल ऐंड एफएस जैसे निजी बैंकों में फर्जीवाड़े हुए हैं। ऐसे में, बैंकों और गैर-बैंकों, दोनों तरह के वित्तीय संस्थानों पर कड़ी निगरानी जरूरी है, ताकि गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां यानी डूबत कर्ज की समस्या पर काबू पाया जा सके।

# एक देश, एक परीक्षा



करोडों युवा प्रतिभागी परीक्षाओं की तैयारी में इस आशा से लगे रहते है कि उन्हें एक अच्छी सरकारी नौकरी मिल जाये। वे विभिन्न परीक्षाओं की अलग- अलग तैयारी करते है। जिसके लिये अलग- अलग पाठ्यक्रम होने की वजह से ढ़ेर सारी किताबें खरीदनी और पढ़नी पड़ती है। उनके लिये अब कुछ राहत की खबर लेकर आयी है राष्ट्रीय भर्ती एजेन्सी। जो युवा बैंक, रेलवे और एस.एस.सी की तैयारी कर रहे है, उनके लिये खुशी की खबर है। लगभग तीन करोड़ युवा इन परीक्षाओं की तैयारी में जुटे रहते है। इस तरह की परीक्षाओं का अब तक आयोजन देश मे लगभग 20 एजेन्सियों द्वारा कराया जाता रहा है। राष्ट्रीय भर्ती एजेन्सी द्वारा अब रेलवे, बैंक और एस.एस.सी. की प्रारम्भिक परीक्षा का आयोजन सम्मिलित रूप से हो गया। मतलब इनकी प्रारम्भिक परीक्षा अलग- अलग न होकर एक ही होगी। अब छात्रों को इनके लिये अलग- अलग आवेदन से भी छुटकारा मिलेगा। अब इन तीनों भर्ती के लिये एक ही आवेदन करना होगा। इस परीक्षा को कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट का नाम दिया गया है। इस परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर ही छात्र रेलवे, बैंक और एस.एस.सी की मुख्य परीक्षा दे सकेंगे। इस परीक्षा में प्राप्त अंक तीन वर्ष के लिये मान्य होंगे। इसके साथ ही छात्र चाहे तो वो अपनी अधिकतम योग्यता उम्र तक यह परीक्षा देकर अपने अंको में सुधार भी कर सकते है। इस परीक्षा का आयोजन राष्ट्रीय भर्ती एजेन्सी द्वारा साल में दो बार कराया जायेगा। अभी तक यह परीक्षा अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम में ही आयोजित होती थी पर अब यह लगभग 12 भाषाओं में होगी। इस परीक्षा का पाठ्यक्रम तो एक ही होगा किन्तु इनका कठिनता स्तर पदों के हिसाब से निर्धारित किया जायेगा। अब यह भी योजना बनायी जा चुकी है कि लगभग देश के हर जिले मे एक परीक्षा केंद्र अवश्य बनाया जायेगा ताकि परीक्षार्थियों को भाग- दौड़ से राहत मिल सके। इससे महिला अभ्यर्थियों को काफ़ी फायदा मिलेगा क्योंकि परीक्षा केंद्र दूर होने की वजह से वो परीक्षा देने से वंचित रह जाती थी। यह परीक्षा पूरी तरह से कंप्यूटरीकृत व बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधारित होगी। एक देश,एक परीक्षा,एक आवेदन वाली यह परीक्षा देश के युवाओं के लिये एक नवीन अवसर लेकर आयी है। अब अलग- अलग आवेदन से छुटकारे से पैसों की बचत होगी। एक पाठ्यक्रम होने से प्रतियोगी अच्छी तैयारी कर पायेंगे और उन्हे नौकरी के अधिक अवसर प्राप्त होगे। अपने जिलें मे परीक्षा केंद्र होने से यातायात की अव्यवस्था से भी छुटकारा मिलेगा और बिना थकान के वे परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन कर पायेंगे। राष्ट्रीय भर्ती एजेन्सी की यह कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट की पहल प्रतिभागियों के लिये वरदान साबित होगी तथा यह युवाओं के मानसिक दबाव व परेशानियों को कम करते हुये, रोजगार के सुगम अवसर प्रदान करेगी।

**अभिषेक शुक्ला**
**विचारक,साहित्य साधक**
**सीतापुर,उत्तर प्रदेश**

## तुम आते, मैं गीत गाता



जब हो जयकार तुम्हारी देव,
समाहित होंगे मेरे भी स्वर।
पुष्प चढ़ाएँगे श्रद्धा के, पुजन के कर में भर-भर।
दर्शन पाकर तेरा प्रभुवर,
जीवन का सुख पाता।
तुम आते, मैं गीत गाता।
कीर्तन के उन्मुक्त लयों में, कंठ मेरे भी गाय कर लें।
अंतर के अति भाव मति से, तेरे ही चरणों में झर लें।
यही कामना करके भगवन,
मन ही मन मुस्काता।
तुम आते, मैं गीत गाता।
हृदय पटल पर चित्र तुम्हारा, अंकित मैं भी कर लुँगा।
आनंद के उदधि से सारा, तन, मन, जीवन भर लुँगा।
रुप तुम्हारा वरमुद्रा का,
सदा मुझे है भाता।
तुम आते, मैं गीत गाता।
आरती के प्रज्जवलित दीपों में, जलते मेरे भी प्रिय दीप।
आओ, आज गगन के देव, मेरे नयनो के निकट, समीप।
उत्सव के परिवेश में,
सुवेश धर मँडराता।
तुम आते, मैं गीत गाता।

**- राज कुमार जायसवाल**
**प्राथमिक शिक्षक**
**केंद्रीय विद्यालय क्र.-3 भुवनेश्वर**
**राजकुमार जायसवाल**
**पिताजी-श्री सुधारु राम जायसवाल**
**माताजी - माँ ननकी नोनी जायसवाल**
**जन्म स्थान ~गाँव- पुरगाँव , जिला - बलौदाबाजार**
**(छत्तीसगढ़)**

## सम्मान करो उस फ़ौजी का



जो झुका नहीं दुश्मन के आगे, नमन मेरा उस फ़ौजी को,
दिन-रात खड़ा हथियार लिए सरहद के उस मनमोजी को।
नमन मेरा उस आँचल को, जिसमें तुने है दूध पिया,
बारम्बार नमन तुझको, तुने इस देश मे जन्म लिया।
जिस घर मे तुने जन्म लिया, उस घर का राजदुलारा था
जिस माँ ने आँचल से लिपटाया तु आँखों का तारा था।
माता -पिता की एक तमन्ना, तु पढ़ -लिखकर बड़ा बने,
भारत माता का बने दीवाना, तु भारत का रत्न बने।
भारत माता की जय बोले, गोली पर गोली झेल रहा,
सीने में उसके गोली है, फिर भी हथियार से खेल रहा।
दिल धड़क रहा उसका देखो, पानी की खातिर तरस रहा,
जय हिन्द, जय हिन्द, करता वो स्वर्गलोक को बरस गया।
घर में बैठी वो बूढी माँ, अपने लल्ला को तरस गई,
तेरे आने की रह देख, दिल में बरसात सी बरस गई।
याद करे तेरी रामकली, सावन के बादल गरज रहे,
कब आओगे भाई मेरे, राखी के मोती तरस रहे।
खत पहुंचा घर की चौखट पर, ऐसा ग़मगीन माहौल बना,
अपने बेटे की मौत देख, सोचो उसका क्या हाल बना।
क्यों चला गया मेरे बेटे, क्यों तोड़ लिया मुझसे नाता,
बेटा बेटी का दिल टूटा और बिलख रही उसकी माता।
घर भेजा उसके मुहावजा, उस जवान का भुगतान किया,
पाला कैसे माँ ने लाल को, इस बात का क्यों नहीं ध्यान दिया
मैं कलम चलाऊं शासन पर, सेना का खूब सम्मान करे,
जिस माँ का बेटा शहीद बने, उस माँ का सब सम्मान करे।
ज़ब 'वाला भड़के सीने में, वो तोड़ सके नभ के तारे,
बस इतना मेरा कहना है, सुख साज़ मिले उनको सारे।

**भगवान सिंह चारण**
**डीडवाना राजस्थान**

## बाजार का बाजीगर चीन?

मंदी के द्वार पर खड़ी दुनिया, व्योम का हर्ष लिए बैठा चीन पर विश्व की आर्थिक मंदी का कोई असर नहीं दिख रहा है। 1980 के दशक में कहा जाता था कि चीन का दैत्य सो रहा है, उसे सोने दो नहीं जिस दिन वह जाग जाएगा अंतरराष्ट्रीय राजनीति में भूचाल आ जाएगा आज वही पूर्वी एशिया में स्थित 1.3 अरब निवासियों के साथ, रूस कनाडा, अमेरिका के बाद विश्व को सबसे बड़ा क्षेत्रफल वाला साम्यवादी देश चीन पर मंदी का कोई व्यापक असर नहीं दिख रहा है। शंघाई प्रमुख वित्तीय केंद्र होने के कारण वहां की हलचले बहुत तेज हो गई हैं ,इस वैश्विक महामारी के समय भी। विश्व बैंक के एक आकलन के अनुसार वैश्विक अर्थव्यवस्था 5.2 फ़ीसदी तक सिकुड़ जाएगी लेकिन वैश्विक महामारी का जन्मदाता चीन 2021 में 9.2 फ़ीसदी की दर से वृद्धि करेगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष भी इस बात के संकेत दे रहे हैं कि 2021 में चीन की अर्थव्यवस्था तीव्र गति की रफ्तार से विकास के रथ पर सवार होकर दौड़ेगी। आखिरकार अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक आने वाले समय में चीन की अर्थव्यवस्था को इतनी तीव्र गति से उत्तरोत्तर वृद्धि होने की बात क्यों कर रहे हैं? और वहीं पर महामारी से ग्रसित विकासशील देशों में मंदी दशकों तक जारी रहेगी इस बात का भी संकेत दे रहे हैं। कहीं ना कहीं तो यह बात अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक के गर्भ में छिपी हुई है कि चीन की अर्थव्यवस्था 2021 में तीव्र गति से क्यों बढ़ेगी। महामारी के जन्मदाता चीन के ऊपर वैश्विक महामारी का कोई असर नहीं पड़ेगा। अमेरिका और चीन दो ऐसे नाम हैं, जिनके नाम जेहन में सबसे पहले आते हैं। वर्तमान समय के परिदृश्य में विश्व की विकसित अर्थव्यवस्था में वित्तीय उथल-पुथल के कारण तगड़े झटके खा रही हैं। वहीं चीन पर इसका कोई बुरा प्रभाव देखने को नहीं मिल रहा है। चीन ने सबसे पहले अपने यहां लॉकडाउन किया और सबसे पहले द्यश्च्न्-स्त्रश्2ठ्ठ को खोला भी। कुछ देशों के वैज्ञानिक यह भी मान रहे हैं कि यह वायरस विश्व अर्थव्यवस्था को झटका देने के लिए चीन की प्रयोगशाला में तैयार किया गया था, जिसका बखूबी चीन ने इस वायरस को दुनिया के सभी देशों में पहुंचाया। चीन ने जानबूझकर विश्व अर्थव्यवस्था को मंदी के दौर में धकेल दिया और अपने को मंदी से बचाए रखा, 1930 की दशक में साम्यवादी देश रूस भी विश्व अर्थव्यवस्था से न जुड़ा होने के कारण आर्थिक मंदी के संकट से बच गया था परंतु चीन की चालाकी ले अपनी को विश्व अर्थव्यवस्था से जोड़कर अपने को मंदी के दौर से बचाए रखा। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक के संकेत से पता चलता है कि चीन कहीं ना कहीं चालाकी कर रहा है।

**मौलिक लेख**
**सत्य प्रकाश सिंह**
**प्रयागराज उत्तर प्रदेश**

## मेरी सुनो



हे ! दुख हरता हे !सुख करता ,विनय सुनों मैं दास तुम्हारा ।।
आया हूँ अब शरण तुम्हारी ,काटो सकल कलेश हमारा ।।
शिव गौरी के राज दुलारे ,दीन दुखी के रखवारे ।
रिद्धि सिद्धि के दाता प्रभु जी ,जग पालक,पालन हारे ।
हृदय लुभाती भोली सूरत ,अनुपम है परिवेश तुम्हारा ।।
हे ! दुख हरता हे !सुख करता ,विनय सुनों मैं दास तुम्हारा।।
सब देवों में प्रथम पूज्य हो ,मंगल करते मंगलकारी ।
अति प्रिय भोग तुम्हें मोदक का ,मूषक राजा बने सवारी ।
सकल भुवन है चरण ;शरण में ,जब जब हो आदेश तुम्हारा ।।
हे ! दुख हरता हे !सुख करता ,विनय सुनों मैं दास तुम्हारा।।
थाल सजा हम करें आरती ,द्वार दया का प्रभु अब खोलो ।
लम्बोदर,गणपति,गणनायक,सारे मिलकर जय हो बोलो ।
दशों दिशा दिगपाल जहाँ में , है सत्कार विशेष तुम्हारा ।।
हे ! दुख हरता हे !सुख करता ,विनय सुनों मैं दास तुम्हारा।।

**रीना गोयल**
**( हरियाणा)**

# किसी अपने की जिंदगी बचाने के लिए रक्तदान ज र करें रक्तदान जरूर करें-रमेश कुमार पाटीदार

एनआरआई बिजनेसमैन रमेश कुमार पाटीदार खूंटवाड़ा का कहना है कि रक्तदान को महादान कहा जाता है। जरूरतमंदों को रक्तदान निश्चय ही करना चाहिए। क्योंकि रक्त खरीदा और उत्पादन नहीं किया जा सकता है। रक्त की आवश्यकता आपातकाल में कभी भी और किसी को भी हो सकती है। वहीं, थैलेसेमिया और एनिमिया जैसी रक्त संबंधी बीमारियों से जूझ रहे लोगों के लिए यह अनिवार्य हो जाता है। इन दिनों संपूर्ण विश्व सहित भारतवर्ष और में कोरोना वायरस संक्रमण के दौर से गुजर रहे हैं। इसके साथ ही यातायात संसाधन क्षेत्र एवं रक्त-दान एवं भंडारण प्रक्रिया में भी आंशिक रूप से प्रभाव पड़ा है। रक्तदान करने से दोहरा लाभ होता है। इसके लिए निधार्रित मापदंड में जांच उपरांत किए गए रक्तदान से रक्तदाता के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है साथ ही रक्त प्राप्त करने वाले का जीवन भी दीर्घायु होता है। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान कई जिंदगियों को बचाता है। इस बात का अहसास हमें तब होता है जब हमारा कोई अपना खून के लिए जिंदगी और मौत के बीच जूझता है। उस वक्त हम नींद से जागते हैं और उसे बचाने के लिए खून के इंतजाम की जद्दोजहद करते हैं। अनायास दुर्घटना या बीमारी का शिकार हममें से कोई भी हो सकता है। आज हम सभी शिक्षि?त व सभ्य समाज के नागरिक है, जो केवल अपनी नहीं बल्कि दूसरों की भलाई के लिए भी सोचते हैं तो क्यों नहीं हम रक्तदान के पुनीत कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें और लोगों को जीवनदान दें।हमारे द्वारा किया गया रक्तदान कई जिंदगियों को बचाता है। इस बात का अहसास हमें तब होता है जब हमारा कोई अपना खून के लिए जिंदगी और मौत के बीच जूझता है। उस वक्त हम नींद से जागते हैं और उसे बचाने के लिए खून के इंतजाम की जद्दोजहद करते हैं। अनायास दुर्घटना या बीमारी का शिकार हममें से कोई भी हो सकता है। आज हम सभी शिक्षित व



सभ्य समाज के नागरिक है, जो केवल अपनी नहीं बल्कि दूसरों की भलाई के लिए भी सोचते हैं तो क्यों नहीं हम रक्तदान के पुनीत कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें और लोगों को जीवनदान दें। रक्तदान ही है, जो न केवल किसी जरूरतमंद का जीवन बचाता है बल्कि जिंदगी बचाकर उस परिवार के जीवन में खुशियों के ढ़ेरों रंग भी भरता है। कल्पना कीजिए कि कोई व्यक्ति रक्त के अभाव में जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ रहा है और आप एकाएक उम्मीद की किरण बनकर सामने आते हैं और आपके द्वारा किए गए रक्तदान से उसकी जिंदगी बच जाती है तो आपको कितनी खुशी होगी। हालांकि एक समय था, जब चिकित्सा विज्ञान इतना विकसित नहीं था और किसी को पता ही नहीं था कि किसी दूसरे व्यक्ति का रक्त चढ़ाकर किसी मरीज का जीवन बचाया जा सकता है। उस समय रक्त के अभाव में असमय होने वाली मौतों का आंकड़ा बहुत ज्यादा था किन्तु अब स्थिति बिल्कुल अलग है, लेकिन फिर भी यह विड़म्बना ही कही जाएगी कि रक्तदान के महत्व को जानते-समझते हुए भी रक्त के अभाव में आज भी दुनियाभर में हर साल करोड़ों लोग असमय ही काल के ग्रास बन जाते हैं, जिनमें अकेले भारत में ही रक्त की कमी के चलते होने वाली ऐसी मौतों की संख्या करीब बीस लाख होती है क्योंकि देश में प्रतिवर्ष करीब पच्चीस लाख यूनिट रक्त की कमी रह जाती है।

## ग़ज़ल




सारे रिश्ते नाते भुला देना।
इस तरह तुम मुझे सज़ा देना।
कोई पूछे मेरे विषय में तो
तुम मुझे अजनबी बता देना।
ग़र ग़लत मैं रही कहीं पर भी
तुम मेरी ग़लतियाँ बता देना।
बस यही इल्तिज़ा मैं करती हूँ
ज़ख़्म कोई न अब नया देना।
बाद अंजू के मरने पर साजन
कांधा अर्थी को तुम लगा देना।

**अंजु दास गीतांजलि पूर्णियां**
**बिहार**

## हे प्रभु गणेशा, ओ प्रभु गणेशा,



रहना आप साथ मेरे हमेशा, जब मैं हो जाऊ उदास,
मेरे हृदय में करके वास, जगा देना मेरा विश्वास,
आप मेरे आस-पास हो इसका है मुझको अहसास.
हे प्रभु गणेशा, ओ प्रभु गणेशा,
रहना आप साथ मेरे हमेशा, नाश करना हमारे अभिमान का, देना दान हमें आप ज्ञान का,
काम ऐसा करें बढ़े मान माँ-बाप का,
खुश रहूँ और जीवन हो सम्मान का.
हे प्रभु गणेशा, ओ प्रभु गणेशा, रहना आप साथ मेरे हमेशा, दूसरों की सेवा का व्रत मैं पाल लूँ,
आपकी कृपा से ये जिंदगी सम्भाल लूँ,
आपकी भक्ति की आदत मैं डाल लूँ,
जिन माँ-बाप ने बचपन में सम्भाला मुझे
इतनी ताकत देना कि मैं उनकों सम्भाल लूँ. हे प्रभु गणेशा, ओ प्रभु गणेशा, रहना आप साथ मेरे हमेशा।

**आकाशवाणी वरिष्ठ श्रोता छैलाराम मेघवाल मेलाणा जोधपुर राजस्थान।**

**इस बात की जानकारी कंगना ने एक वीडियो साझा करके दी है। इस वीडियो में कंगना कह रही हैं मुझ पर काफी प्रेशर था कि मैं सोशल मीडिया ज्वाइन करूं लेकिन मैंने जाने दिया।**

# कंगना रनौत ने अब खुद ट्विटर ज्वाइन किया

## सुशांत मामले में सोशल मीडिया की ताकत से हुई प्रभावित !



बॉलीवुड की पंगा क्वीन कंगना रनौतअपने बेबाक बयानों के लिए खूब सुर्खियां बटोरती हैं। हालांकि फिल्मी जगत की पॉपुलर अदाकारा कंगना सोशल मीडिया से हमेशा दूर रही हैं। ट्विटर और इंस्टाग्राम पर टीम कंगना रनौत के नाम से अकाउंट है जिनके जरिए कंगना की बात उनके चाहने वालों तक पहुंचाई जाती है, लेकिन अब पहली बार कंगना ने खुद सोशल मीडिया पर कदम रखा है। कंगना रनौत ने ट्विटर पर ऑफिशियल डेब्यू कर लिया है। इस बात की जानकारी कंगना ने एक वीडियो साझा करके दी है। इस वीडियो में कंगना कह रही हैं- मुझ पर काफी प्रैशर रहा कि मैं सोशल मीडिया ज्वाइन करूं लेकिन मैंने जाने दिया। लोगों ने कहा मैं चुड़ैल हूं। लोगों ने इस बात का फायदा उठाया कि मैं सोशल मीडिया पर नहीं हूं, लेकिन मैं फिर भी सोशल मीडिया पर नहीं आई क्योंकि मुझे कभी अपने ऑडियंस से दूरी महसूस नहीं हुई। मुझे लगा मैं एक आर्टिस्ट हूं तो अगर मुझे कुछ भी कहना होगा तो मैं आर्टिस्टिक तरीके से कहूंगी, लेकिन इस साल सुशांत के मामले में जो मैंने देखा उससे मैं बहुत ज्यादा इंप्रेस हुई हूं।मैंने देखा कि कैसे सारा विश्व एक साथ सुशांत के लिए आवाज उठा रहा है। पहली बार सोशल मीडिया को भावुक होते हुए देखा। कंगना ने आगे कहा- मुझे आपका सहयोग चाहिए। मैं इसे सफर की तरह देखती हूं जहां पर इतने सारे अमेजिंग लोग हैं। आपको बता दें ऑफिशियल कंगना टीम के नाम से ट्विटर पर जो अकाउंट था उसे अब कंगना रनौत का नाम दे दिया गया है, और उस पर ब्लूटिक दिख रहा है। कंगना ने अपने अकाउंट का बायोडाटा भी चेंज किया है। उन्होंने लिखा है- एक कलाकार जो पदमश्री से सम्मानित है, तीन राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित है। सबसे मंहगी अदाकारा है।एक फिल्ममेकर है और एक पर्यावरणविद है। कह सकते हैं कि कंगना ने आधिकारिक तौर पर सोशल मीडिया पर डेब्यू कर लिया है। अब कंगना की तरफ से जो भी स्टेटमेंट आएगा वो डायरेक्टली आएगा, उनकी टीम की तरफ से नहीं आएगा। बता दे इससे पहले उनकी टीम इस अकाउंट को मैनेज कर रही थी। तेजी से कंगना के फॉलोवर्स में इजाफा हो रहा है। वर्क फ्रंट की बात करें तो कंगना जल्द ही तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जे जयललिता की जिंदगी पर आधारित फिल्म थलाइवी में नजर आएंगी। इसके अलावा कंगना के पास एक और फिल्म है जिसका नाम धाकड़ है।

# कभी करीबी दोस्त थीं रिया चक्रवर्ती- सारा अली खान



सारा अली खान ने फिल्म केदारनाथ से सुशांत सिंह राजपूत के साथ बॉलीवुड डेब्यू किया था। फिल्म में दोनों स्टार्स के बीच की केमिस्ट्री और एक्टिंग लोगों को खूब पसंद आई थी। हाल ही में सुशांत के दोस्त सैमुअल हाओकिप ने दावा किया कि सारा और सुशांत ऑफ स्क्रीन भी प्यार में थे। बता दें कि एक समय में रिया और सारा अच्छे दोस्त थे। मिड डे की रिपोर्ट के मुताबिक दिसंबर 2017 में सारा और रिया अच्छी दोस्त थीं। दोनों अक्सर साथ में पार्टी करते थे और जिम जाते थे। लेकिन फिर दोनों का फिर साथ में दिखना बंद हो गया। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान सैम्यूअल हाओकिप ने कहा, मेरे समय में, सारा और सुशांत का ब्रेकअप हुआ था। इसके बाद रिया चक्रवर्ती, सुशांत की लाइफ में आईं। मुझे हमेशा से ऐसा लगा कि सुशांत ने सारा के साथ जो बॉन्ड शेयर किया वह उन्होंने रिया के साथ कभी नहीं किया। सैम्यूअल ने कहा, मैंने अपनी पोस्ट में भी बताया कि दोनों एक-दूसरे की बहुत इज्जत करते थे। दोनों कविताएं एक-दूसरे के साथ शेयर करते थे। दोनों को साथ देखना हमेशा से एक फिल्म की तरह लगता था। जब दोनों एक-दूसरे के साथ टाइम्स स्पेंड करते थे और फ्लर्ट करते थे तब भी इज्जत होती थी। वे जानते थे कि आसपास लोग हैं। सुशांत जो भी कहते थे या करते थे, सारा के चेहरे पर स्माइल देखने के लिए करते थे। उन दोनों की एनर्जी काफी प्योर लगती थी। आपको बता दें कि केदारनाथ फिल्म की शूटिंग और रिलीज के दौरान सुशांत और सारा के डेटिंग की अफवाह थी। हालांकि, अब सुशांत के दोस्त का कहना है कि दोनों प्यार में थे। लेकिन साल 2019 में रिलीज हुई सुशांत की फिल्म सोनचिड़िया के बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप होने के बाद सारा ने रिश्ता तोड़ लिया था।

# क्या अंकिता लोखंडे ने साधा रिया चक्रवर्ती पर निशाना?



सुशांत सिंह राजपूत मामले की जांच चल रही है। केस सीबीआई के हाथ में सौंपा जा चुका है। कुछ समय पहले खबर आई थी कि सुशांत अपने अकाउंट से अंकिता लोखंडे के फ्लैट की किश्त भर रहे थे। यह खबर तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी थी जिसके बाद अंकिता ने इस पर अपना रिएक्शन दिया था। अंकिता ने सोशल मीडिया पर अपने बैंक अकाउंट से हर महीने कटने वाली किश्त और फ्लैट के कागज की फोटोज शेयर की थीं। अब अंकिता लोखंडे ने रिया चक्रवर्ती पर निशाना साधते हुए एक पोस्ट शेयर की है। उन्होंने फोटो के साथ लिखा कि महिलाओं को कई चीजों को संभालना सिखाया जाता है, जिससे वह सही और गलत का फैसला ले सकें। इसलिए मैंने खुद को पावरफुल और अजीब रखना चुना है। और यही सत्य है। सुशांत सिंह राजपूत के मौत के सिलसिले में पटना में दर्ज एफआईआर को मुंबई ट्रांसफर करने के लिए एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुना दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि सुशांत सिंह केस की जांच सीबीआई करेगी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से अंकिता लोखंडे काफी खुश हैं। अंकिता ने लिखा, इंसाफ की तरफ पहले कदम, सच्चाई की जीत होगी।

### क्या करण टैकर और रित्विक धनजानी ने छिपाई कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट, एक्टर ने दी सफाई

साढ़े तीन महीने तक जाम पड़े रहने के बाद सीरियल्स की दुनिया का पहिया घूमने लगा है। जुलाई के शुरूआती हफ्ते में ही लगभग सभी सीरियल्स की शूटिंग शुरू हो गई थी। कई टेलीविजन सितारे महीनों तक घर में बंद रहने के बाद काम पर लौट आए हैं। हालांकि कोरोना संक्रमण का खतरा अभी टला नहीं है। बीते दिनों पार्थ समथान, श्रेनू पारिख, अदिती गुप्ता, मोहना कुमार सिंह समेत कई कलाकार कोरोना वायरस की चपेट में आ गए थे। पार्थ समथान को क्वॉरेंटाइन रूल्स की अनदेखी करने की वजह से लोगों ने सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल भी किया था। इसी बीच, रित्विक धनजानी और करण टैकर के भी कोरोना पॉजिटिव होने की खबरें आ रही थीं। कहा जा रहा था कि रित्विक और करण दोनों ही अभिनेताओं ने अपने कोविड 19 पॉजिटिव रिपोर्ट को लोगों से छिपाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, करण टैकर के एक करीबी ने अभिनेता के कोविड 19 पॉजिटिव होने की खबर दी थी। रिपोर्ट में कहा गया था, कि हाल ही में अभिनेता दिल्ली गए थे, जहां वह इस वायरस की चपेट में आ गए। मुंबई एयरपोर्ट पर उनके कोविड 19 पॉजिटिव होने की पुष्टि हुई तो अभिनेता ने खुद को होटल में क्वॉरेंटाइन कर लिया। साथ ही ट्रोलिंग से बचने के लिए करण ने अपनी कोरोनो पॉजिटिव होने की खबर भी पब्लिक नहीं की। वहीं, रिपोर्ट में रित्विक धनजानी के भी कोरोना पॉजिटिव होने की बात कही गई थी। इस खबर के आउट होने के बाद से ही रित्विक और करण टैकर दोनों को ही सोशल मीडिया पर लोगों के गुस्से का सामना करना पड़ रहा था। अपनी सफाई पेश करते हुए रित्विक ने कहा है कि ना तो वह और ना ही उनके परिवार का कोई भी सदस्य कोरोना वायरस के सक्रमण से ग्रस्त है।

## मिजार्पुर 2 में और भी खतरनाक होगा मुन्ना त्रिपाठी का किरदार

अमेजन प्राइम वीडियो की वेब सीरीज मिजार्पुर भारत में बनी कुछ बेहद सफल वेब सीरीज में से एक है. छोटे शहरों के गैंग्स्टर और उनकी जुर्म की दुनिया से प्रभावित होने वाले युवाओं की कहानी को इतने बेहतरीन तरीके से लोगों के सामने पेश किया गया कि मिजार्पुर की दीवानगी लोगों के सिर चढ़कर बोलने लगी. मिजार्पुर के पहले सीजन के रिलीज के 2 साल होने को हैं और दूसरे सीजन का लोग बेहद बेसब्री से हर दिन इंतजार कर रहे हैं, जिस एक किरदार ने मिजार्पुर के पहले सीजन में लोगों का सबसे ज्यादा ध्यान अपनी ओर खींचा, वो था मुन्ना त्रिपाठी के किरदार में दिव्येंदु शर्मा. यूं तो मिजार्पुर को लोग कालीन भैया के किरदार में पंकज त्रिपाठी , गुड्डू पंडित के रूप में अली फजल, बबलू पंडित के रूप में विक्रांत मेसी जैसे किरदारों के लिए जानते हैं, लेकिन एपिसोड दर एपिसोड जिस तरह मुन्ना त्रिपाठी के किरदार ने रंग पकड़ा, उसके बाद लास्ट एपिसोड में तो जैसे दिव्येंदू शर्मा ने बाकी सभी कलाकारों को अदाकारी और स्क्रीन प्रजेंस के मामले में पीछे छोड़ दिया. मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो मिजार्पुर सीजन 2 में मुन्ना का किरदार और उभरकर सामने आने वाला है, जहां वह कालीन त्रिपाठी के उत्तराधिकारी बनने के साथ ही गुड्डू पंडित से टक्कर लेता दिखेगा. माना जा रहा है कि मिजार्पुर के सीजन 2 में मेकर्स द्वारा दिव्येंदू का लुक और खतरनाक बनाया जा सकता है और अली फजल के साथ उसकी दुश्मनी की कहानी को और भयावह तरीके से पर्दे पर पेश किया जा सकता है. करण अंशुमन और गुरदीप सिंह द्वारा निर्देशित वेब सीरीज मिजार्पुर का दूसरा सीजन यानी मिजार्पुर 2 का पोस्टर अगले कुछ दिनों में रिलीज होने वाला है. रिपोर्ट्स की मानें तो अगले महीने मिजार्पुर 2 के ट्रेलर के साथ ही उसके रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी जाएगी. मिजार्पुर 2 अब तक रिलीज हो जाती, लेकिन कोरोना संकट के कारण लॉकडाउन ने सारा खेल बिगाड़ दिया. मिजार्पुर 2 इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज है.



### थ्रिलर फिल्म में काम करेंगे ऋतिक रोशन?

बॉलीवुड एक्टर ऋतिक रोशन इंडस्ट्री के हिट एक्टर माने जाते हैं। उनकी कई फिल्में हिट हो चुकी हैं। ऋतिक रोशन अब यशराज बैनर की थ्रिलर फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। ऋतिक ने यशराज बैनर की ब्लॉकबस्टर फिल्म वॉर में काम किया था। अब चर्चा है कि ऋतिक एक बार फिर यश राज बैनर की फिल्म में काम करने जा रहे हैं। यह एक बड़े बजट की फिल्म होगी। ऋतिक रोशन इसमें एक नए अवतार में नजर आएंगे। फिल्म रियल लाइफ इवेंट्स पर आधारित होगी। बताया जा रहा है कि यह फिल्म यशराज फिल्मस के प्रोजेक्ट 50 का हिस्सा है जिसका मकसद बैनर की 50वीं सालगिरह के जश्न को मनाना है। न्यूज एजेंसी वार्ता के अनुसार, यश चोपड़ा के जन्मदिन के दिन इस फिल्म की घोषणा हो सकती है। इस दिन कई अन्य फिल्मों की भी घोषण की जाने वाली है। वहीं, हाल ही में ऋतिक रोशन स्टारर फिल्म कोई.. मिल गया के 17 साल पूरे हुए हैं। इस मौके पर एक्टर ने एलियन दोस्त जादू को याद किया था। राकेश रोशन निर्देशित फिल्म कोई.. मिल गया 2003 में रिलीज हुई थी, इसमें ऋतिक को एलियन दोस्त जादू से सुपर पॉवर मिलता है। फिल्म को याद करते हुए एक्टर ने इंस्टाग्राम पर लिखा था, कुछ दोस्ती स्पेस और समय को बताती है। उम्मीद है कि किसी दिन वह फिर मिलेगा। कोई मिल गया। धन्यवाद पापा इसे करने के लिए। ऋतिक रोशन ने कहा कि यह आपके बिना संभव नहीं था।



# अब अंजलि ने छोड़ा तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो

**टीवी का सबसे पॉपुलर शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा अपने खास कॉमेडी किरदारों के लिए जाना जाता है। लगातार पिछले 12 सालो से तारक मेहता दर्शको का मन पसन्दीदा शो बन चुका है लेकिन अभी भी दर्शको को शो की जान दयाबेन की कमी खल रही है , दयाबेन दिशा वाकानी के शो में लौटने की आये दिन खबरें आती हैं लेकिन अभी इस बात पर कोई मुहर नहीं लगी कि वो शो में कब वापस लौटेंगी। इसी बीच शो के फैन्स के लिए एक और बुरी खबर सामने आयी है। दरअसल शो में राइटर तारक मेहता की बीवी का किरदार निभाने वाली अंजलि मेहतायानि नेहा मेहता इस शो को छोड़ने का मन बना चुकी हैं।**

लेटेस्ट खबरों की माने तो ,नेहा मेहता ने शो को अलविदा कह दिया है ,नेहा ने शो के मेकर्स को बतादिया है कि वो सेट पर वापसी नहीं करेंगी और यही वजह है कि नेहा अब शो में नजर नहीं आएंगी। शो के मेकर्स नेहा को शो में बनाए रखने की पूरी कोशिश पहले से ही कर रहे थे। लेकिन अब नेहा अपने लिए कुछ अलग बना रही हैं और इसीलिए एक्ट्रेस ने तारक मेहता का उल्टा चश्मा का साथ छोड़ दिया है।

खबरें तो ये हैं कि नेहा अपने नए प्रोजेक्ट की शूटिंग शुरू करने वाली हैं। हाल ही में तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो ने 12 साल पूरे किये हैं। अंजलि का रोल करने वाली नेहा मेहता शो के शुरूआत से ही इस शो का हिस्सा है। शो में तारक मेहता की पत्नी अंजलि के रोल में उन्हें काफी पसंद भी किया जाता था वजह थी उनका डायट फूड जो हमेशा ही काफी चर्चा में रहता था। बहरहाल अब नेहा के शो में ना आने से दर्शकों को निराशा तो जरूर होगी। दूसरी तरफ अनलॉक फेज के बाद एक बार फिर शो अपने नए एपिसोड के साथ लोगों को गुदगुदा रहा है। शो का हर किरदार लोगों को खास कारण से हसांता है। यही वजह है कि ये शो काफी समय से न सिर्फ चल रहा है, बल्कि जबरदस्त टीआरपी भी हासिल कर रहा है।



## तापसी पन्नू अभिनीत स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म रश्मि रॉकेट की शूटिंग इस नवंबर में होगी शुरू!

कच्छ के नमक पान में शुरूआत करते हुए, रश्मि रॉकेट एक गाँव की एक युवा लड़की के बारे में है, जिसे ऊपर वाले ने तेजी से दौड़ने के वरदान से नवाजा है। वह एक अविश्वसनीय रूप से तेज धावक है और इसीलिए गांव वाले उसे रॉकेट के नाम से जानते हैं। जब उसे अपनी प्रतिभा को प्रोफेशनल रूप से प्रदर्शित करने का मौका मिलता है, तो वह इस अवसर को अपने हाथ से जाने नहीं देती, केवल यह महसूस करने के लिए कि फिनिश लाइन की दौड़ कई बाधाओं से लैस है और एक एथलेटिक प्रतियोगिता की तरह नजर आने वाली यह रेस उसके लिए सम्मान, आदर और यहां तक कि उसकी पहचान के लिए एक व्यक्तिगत लड़ाई में बदल जाती है। रश्मि रॉकेट नंदा पेरियासामी, अनिरुद्ध गुहा और कनिका ढिल्लन द्वारा लिखित है। यह फिल्म आकर्ष खुराना द्वारा निर्देशित की जाएगी जिन्होंने कारवां का निर्देशन किया था।

निर्देशक आकर्ष खुराना कहते हैं,जब महामारी की शुरूआत हुई तब हम सभी शूटिंग के लिए तैयार थे। मुझे खुशी है कि हम जल्द ही शूटिंग फिर से शुरू कर रहे हैं। मेरी टीम और मैं इस सफर को शुरू करने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह एक शानदार कहानी है जिसे मैं बताने के लिए उत्साहित हूं। मैं इस प्रॉजेक्ट में बहुत शुरूआती चरण से शामिल हूं और इसीलिए यह बेहद स्पेशल है। महामारी से ठीक पहले, मैं एक स्प्रिंटर के किरदार में ढलने के लिए 3 महीने से ट्रेनिंग ले रही थी। यह एक लंबा ब्रेक हो गया है लेकिन इसके विषय के कारण एक बार फिर शुरूआत से सफर शुरू करने के लिए उत्साहित हूँ जिसकी शुरूआत ट्रेनिंग से होगी।,तापसी पन्नू ने साझा किया रश्मि रॉकेट उन परीक्षण और संघर्ष की कहानी है जिसे कई महिला एथलीट द्वारा अपने सफर के दौरान सामना किया जाता हैं, साथ ही प्रत्येक द्वारा अपनी मंज़िल को चुनने की लगन को दशार्या जाएगा एक ऐसे एथलीट की भूमिका निभाने के लिए तापसी से बेहतर कोई कलाकार नहीं हो सकता। लॉकडाउन के बाद हम आरएसवीपी के साथ शूटिंग फिर से शुरू करने के लिए उत्साहित हैं, रोनी स्क्रूवाला कहते हैं। देव डी, लुटेरा, क्वीन, केदारनाथ जैसी फिल्मों में संगीत देने के लिए प्रसिद्ध संगीत कलाकार अमित त्रिवेदी अब रश्मि रॉकेट में अपने संगीत का जादू बिखेरेंगे। रश्मि रॉकेट की अविनाशी भावना इसके पीछे खड़ी टीम द्वारा परिलक्षित होती है। दर्शक इस तरह की प्रेरणादायक कहानियां देखन के योग्य है और इसलिए शो को चलते रहना चाहिए।,मैंगो पीपल मीडिया नेटवर्क की प्रांजल खंडाड़िया ने साझा किया। नेहा आनंद और प्रांजल खंडाड़िया के साथ रॉनी स्क्रूवाला द्वारा निर्मित रश्मि रॉकेट 2021 में रिलीज होने के लिए तैयार है।



## संक्षिप्त समाचार

### खेत में घुसी गाय को भगाया तो युवक को गोली मारी, हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

**दतिया।** थाना भांडेर क्षेत्र के हसापुर बांध के पास एक युवक खेत है। बुधवार की शाम एक गाय उसके खेत में घुस गई। जब उसने गाय को खेत से भगाया तो कस्बा के ही दो लोगों से उसका विवाद हो गया। विवाद के चलते आरोपियों ने उसके साथ गालीगलौच करते हुये जान से मारने की नीयत से उसमें गोली मार दी जो युवक के दाहिने बाजू में लगी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफहत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसारा कस्बा भांडेर के हजारी मोहल्ला में रहनेवाले इरशाद (45) पुत्र सादिक अली का हसापुर बांध के पास खेत है। बुधवार को वह अपने खेत पर था। शाम सात बजे करीब एक गाय उसके खेत में घुस आई। जब उसने गाय को खेत से भगाया तो उसका कस्बा के ही काजीपाठा में मोहल्ला में रहनेवाले गाय मालिक बल्लू खंगार और रामबिहारी खंगार से विवाद हो गया। विवाद के चलते दोनों आरोपियों ने उसके साथ गालीगलौच की और तमंचा से गोली मार दी। गोली युवक के दाहिने बाजू में लगी जिससे वह लहूलुहान हो गया। घटना को अंजाम देने के बाद दो आरोपी मौके से भाग निकले। घायल युवक को इलाज के लिये भांडेर के अस्पताल लाया गया लेकिन उसकी गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने घायल इरशाद की रिपोर्ट पर दोनों आरोपियों के खिलाफहत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरु कर दी है।

### किशोरी का बहला फुसलाकर भगाया, अपहरण का मामला दर्ज

**दतिया।** थाना जिगना क्षेत्र के एक गांव में रहनेवाली एक पन्द्रह वर्षीय किशोरी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। घटना गुरुवार की सुबह की बताई गई है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार एक गांव निवासी व्यक्ति ने रिपोर्ट कर बताया कि उसकी पन्द्रह साल की लडकी गुरुवार की सुबह आठ बजे शौच जाने की कहकर घर से गई थी। इसके बाद वह लौटकर नहीं आई। उसे हर जगह तलाश किया लेकिन उसका पता नहीं चल सका। उसने संदेह जताया कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी लडकी को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफअपहरण का मामला दर्ज कर दोनों की तलाश शुरु कर दी है।

### बुढ़वा मंगल (बड़ा मंगल) पर दंदरौआ धाम में सार्वजनिक रूप से मेले का आयोजन न करने का निर्णय

**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्टर श्री वीरेन्द्र सिंह रावत की अध्यक्षता में दंदरौआ धाम के प्रांगण में बैठक आयोजित की गई। बैठक कोरोना महामारी के बढ़ते संक्रमण कोदेखते हुये उसके बचाव व रोकथाम हेतु आगामी बुढ़वा मंगल (बड़ा मंगल) पर दंदरौआ धाम में सार्वजनिक रूप से मेले का आयोजन न करने का निर्णय लिया गया।बैठक में श्री 1008 महंत रामदास जी महाराज, कलेक्टर श्री वीरेन्द्र सिंह रावत, पुलिस अधीक्षक श्री मनोज कुमार सिंह, अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार चांदिल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री अजीत मिश्रा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गोहद श्री शुभम शर्मा, अनुभागीय अधिकारी पुलिस, मेहगांव, गोहद, तहसीलदार मेहगांव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मेहगांव उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वार कोविड 19 वायरस के बढ़ते संक्रमण को देखते हुये आमजन के स्वास्थ को ध्यान में रखते हुए दंदरौआ धाम में बुढ़वा मंगल मेले का सार्वजनिक आयोजन नहीं किया जायेगा। भक्तगण अपने-अपने घरो में रहकर पूजा पाठ करें। कलेक्टर श्री वीरेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि एमएचए की गाइडलाइन के तहत धार्मिक स्थल खोले गये हैं। जिसके अंतर्गत धार्मिक स्थलों पर वरतने वाली सावधानिया भी दी गयी है। गाइडलाइन के अंतर्गत धार्मिक स्थल पर एक बार में 5 से ज्यादा व्यक्ति एकत्रित न हो, सभी व्यक्ति मास्क, कपड़े/साफी से मुँह ढक कर रहें एवं सोशल डिसटेंसिंग का आवस्यक रूप से पालन करें ।संक्रमण के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा संक्षेप में अवगत कराया गया कि धार्मिक स्थलों पर आवश्यक रुप से मास्क का उपयोग किया जाये व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराया जाये।

### कलेक्टर ने किये दो कंटेनमेंट एरिया घोषित

**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री वीरेन्द्र सिंह रावत द्वारा ग्राम दबोहा तहसील भिण्ड जिसकी चतुर सीमा पूरब, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण में आबादी क्षेत्र, ग्राम बबेडी (मनका बाग) तहसील भिण्ड जिसकी चतुर सीमा पूरब में ग्याराम का घर, पश्चिम में आबादी, उत्तर, दक्षिण में कृषि भूमि को कंटेनमेंट एरिया घोषित किया गया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा कोरोना वायरस कोविड-19 महामारी की रोकथाम हेतु कंटेनमेंट प्लान जारी किया गया है। म.प्र. शासन लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जारी अधिसूचना एवं म.प्र. पब्लिक हेल्थ एक्ट 1949 के सेक्शन 71(2) में प्रावधानित समस्त अधिकार जिला कलेक्टर को प्रदत्त किये जा चुके है।कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री वीरेन्द्र सिंह रावत द्वारा म.प्र. पब्लिक हेल्थ एक्ट 1949 की धारा 71(1) एव 71(2) मे निहित शक्तियों का उपयोग कर ग्राम दबोहा तहसील भिण्ड जिसकी चतुर सीमा पूरब, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण में आबादी क्षेत्र, ग्राम बबेडी (मनका बाग) तहसील भिण्ड जिसकी चतुर सीमा पूरब में ग्याराम का घर, पश्चिम में आबादी, उत्तर, दक्षिण में कृषि भूमि को सील कर कंटेनमेंट ऐरिया घोषित की गई है।

### जिले में 398.8 मिमी औसत वर्षा

**भिण्ड ब्यूरो।** विगत 1 जून 2020 से 21 अगस्त 2020 तक भिण्ड जिले में 398.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।अधीक्षक भू अभिलेख भिण्ड से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह औसत वर्षा जिले के भिण्ड में 421 मिमी, अटेर में 399 मिमी, मेहगांव में 394 मिमी, गोहद में 337 मिमी, लहार में 345.8 मिमी एवं रौन/मिहोना में 497 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिसका औसत 398.8 मिमी है। जिले की सामान्य वार्षिक वर्षा 668.3 मिमी है।जिले में आज की वर्षा भिण्ड में 55 मिमी, अटेर में 15 मिमी, मेहगांव में 25 मिमी, गोहद में 11 मिमी, लहार में 04 मिमी, रौन/मिहोना में 54 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

## जौरा मुख्य सड़क से जाफराबाद के स्कूल तक मंत्री ने सड़क निर्माण की घोषणा की

# व्यक्ति को जन्म लेने के बाद कुछ परोपकार जरूर करना चाहिये : पीएचई मंत्री कंषाना





मंत्री व कलेक्टर ने मैद्यावी विद्यार्थी एवं कोरोना योद्धाओं का किया सम्मान

**मुरैना।** प्रदेश के पीएचई मंत्री श्री ऐदल सिंह कंषाना ने कहा कि व्यक्ति पृथ्वी पर जन्म लेता है तो उसे अवश्य कुछ न कुछ परोपकार करना चाहिये। जिससे वह अपना ही नहीं बल्कि दूसरों का भला कर सके। उन्होंने जाफराबाद गांव के समीप बल्देव कृष्ण कॉलेज में मैद्यावी विद्यार्थी एवं कोरोना योद्धाओं का सम्मान करते हुये घोषणा की, कि जौरा मुख्य सड़क से एक किलोमीटर लंबी सीसी सड़क का निर्माण स्कूल तक दो माह के अंदर किया जायेगा।

इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री सूबेदार सिंह रजौधा, कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास, कटीवरी सरकार के महंत श्री राधाशरण दास जी, जौरा एसडीएम श्री नीरज शर्मा, एसडीओपी पुलिस, तहसीलदार, बीआरसी जौरा श्री मुन्नालाल यादव, आनंदम संस्थान की ओर से सुधीर आचार्य, डीपीसी श्री इन्दौल्यिा, समाजसेवी श्री बालकृष्ण, पप्पू राणा सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं मैद्यावी छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

पीएचई मंत्री श्री ऐदल सिंह कंषाना ने कहा कि प्रदेश सरकार गांव को खुशहाल देखना चाहती है। इसके लिये गांव-गांव सड़क, बिजली और पानी का प्रबंध करना सरकार की प्राथमिकता में है। इसके तहत जौरा रोड से जाफराबाद के स्कूल तक एक किलोमीटर सीसी रोड की घोषणा की जाती है। इस सड़क का निर्माण दो माह के अंदर प्रारंभ हो जायेगा। इसके लिये स्कूली छात्र-छात्रायें एवं ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी। मंत्री श्री कंषाना ने कहा कि कोरोना के समय जिला कलेक्टर एवं उनकी टीम द्वारा सराहनीय कई कार्य किये गये थे, जिसकी वजह से आज मुरैना सकून में है। इसके साथ ही विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंचों द्वारा ऐसे परिवारों को कोरोना काल में सहयोग प्रदान किया। जिसे इस मंच से बताना उचित नहीं होगा। उन सरपंचों को भी मैं तह दिलसे धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। मंत्री श्री कंषाना ने कहा कि जब मनुष्य पृथ्वी पर आता है, तब उसे ऐसा परोपकार करना चाहिये। जो दूसरों के हित में है, बो हमारी ग्राम पंचायतों के सरपंचों द्वारा किया गया। वह सराहनीय कदम रहा। मंत्री श्री कंषाना ने कहा कि मुन्ना लाल यादव भी क्षेत्र के कार्यो में बार-बार मुझे स्मरण कराते रहते है, उनका भी कोरोना काल में सराहनीय कदम रहा है। उन्होंने कहा कि इस कॉलेज के विकास में कहीं कोई कमी नहीं आने दी जायेगी। कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास ने कहा कि कोरोना अभी गया नहीं है, मुरैना जिले के निवासियों ने मेरा भरपूर सहयोग किया है। जिससे आज हम कोरोना से सकून मेहसूस कर रहे है। जब तक कोरोना की वैक्सीन तैयार होकर जिले के 23 लाख लोंगो में टीका नहीं हो जाता है, तब तक इस रोग से छुटकारा नहीं मिल सकता। सभी लोग कोविड नियमों का पालन करें। मास्क, फेसकवर घर से ढंककर ही निकलें। उन्होंने कहा कि कोरोना के समय कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं ने कठिन परिस्थितियों में भी परीक्षा देकर उत्कृष्ट अंक प्राप्त किये है। जिन्हें हम आज सम्मानित कर रहे है। कलेक्टर ने कहा कि कि पर्यावरण के सुधार में वृक्षोरापण अवश्य करना चाहिये। कठिनाई की कड़ी में व्यक्ति को सदैव सकारात्मक सोच के साथ कार्य करना चाहिये। पूर्व विधायक श्री सुबेदार सिंह रजौधा ने कहा कि पीएचई मंत्री श्री ऐदल सिंह कंषाना ऊर्जावान मंत्री है। उनके कार्य को हम पहले भी देख चुके है। श्री कंषाना का विकास के प्रति सदैव सकारात्मक नजरिया रहता है। आगे मुरैना जिले के लिये भी सकारात्मक सोच के साथ कार्य करेंगे और मुरैना जिले के विकास में भरपूर सहयोग प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में श्री मुन्ना लाल यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मंत्री श्री कंषाना, पूर्व विधायक श्री सूबेदार सिंह रजौधा, कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास, अन्य स्टॉफ सहित कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

## गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने छिपरी पहुंचकर रावतपुरा महाराज के चरण छूकर लिया आशीर्वाद



**दतिया।** मध्यप्रदेश शासन के गृह जेल संसदीय कार्य एवं विधि विधायी मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा' शुक्रवार को टीकमगढ़ जिले के प्रवास पर रहे इस दौरान ग्रहमंत्री डा नरोत्तम मिश्रा ने लिधौरा तहसील के ग्राम छिपरी में संत श्री रावतपुरा सरकार के दर्शन किये एवं साल श्रीफल देकर सम्मान किया और रावतपुरा महाराज के चरण छूकर आशीर्वाद लिया इसके पश्चात स्थानीय कार्यक्रमों में सम्मिलित हुये इसके पश्चात ग्रहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा दतिया के लिये प्रस्थान किया दतिया आगमन पर दतिया नगर में हुई गमियों में शामिल होकर शोक संवेदना व्यक्त की इसके पश्चात गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने भाजपा और युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं से अपने निवास पर मुलाकात की और आगामी समय में होने वाले कार्यक्रमों के बारे में जानकारी ली इसके पश्चात ग्रह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा दतिया विधानसभा क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए। साथ में टीकमगढ़ विधायक राकेश गिरी जिला महामंत्री विपिन गोस्वामी पूर्व विधायक प्रदीप अग्रवाल पूर्व विधायक आशाराम अहिरवार नगर पालिका उपाध्यक्ष योगेश सक्सैना पूर्व जिलाध्यक्ष अतुल भूरे चौधरी प्रशांत ढेगुला सतीश यादव जीतू कमरिया विनय यादव बलदेव राज बल्लू अमित महाजन सनत पुजारी गौरव दांगी रेशू दांगी जौली शुक्ला कप्तान कुशवाह सुमित यादव राहत अली जैदी प्रवीण पाठक अंकित शर्मा आकाश भार्गव सत्यम पंडा विवेक तिवारी सहित खरगापुर राहुल सिंह पूर्व विधायक पृथ्वीपुर श्रीमती अनीता नायक जनप्रतिनिधि कलेक्टर टीकमगढ़ सौरभ कुमार द्विवेदी एसडीएम जतारा सौरभ सौनवणे सहित संबंधित अधिकारी एवं स्थानीयजन उपस्थित रहे।

## कांग्रेस की जन संकल्प पद यात्रा आज कई ग्रामों में होती हुई पहुची तिलोजरी

**कैलारस ब्यूरो।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कैलारस के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण दुबे के नेतृत्व में सम्पूर्ण जौरा विधानसभा में की जा रही जनसंकल्प पद यात्रा आज स्याही की टेक से प्रारंभ होकर गुर्जा, थाटीपुरा, कोटसिरथरा, पटियन का पुरा, राकरा अराट, पिपरोनीया, मनोहरपुरा, जनुआपुरा, बरीपुरा, तिलोजरी पहुँची।। जहाँ पर स्याही की टेक में बीरवल सिंह गुर्जर(सरपंच),रामलखन गुर्जर, मेहरवान सिंह गुर्जर।गुर्जा में भोलाराम बधेल, आशाराम बधेल। ठाटीपुरा में फूलसिंह जाटव(पूर्व सरपंच),रामवरन जाटव, कप्तान जाटव, माखन खटीक।कोटसिथरा में बद्रीप्रसाद शर्मा दिनेश मुदगल, हरिओम शर्मा, कमल शर्मा(सरपंच),ओमप्रकाश शर्मा, टीकाराम शर्मा। पटियन का पुरा में रूपसिंह कुशवाहा, टीकाराम कुशवाहा। राकरा का पुरा में ईस्वर लाल कुशवाहा, सामन्त धाकड़। पिपरोनिया में मेहरवान सिकरवार(पूर्व सरपंच), एड़ धर्मेंद्र सिंह (पूर्व सरपंच), शिवराम धाकड़, हरीसिंह धाकड़। तिलोंजरी में दर्शनलाल शर्मा(पूर्व सरपंच) प्रकाशचन्द शर्मा, नत्थीलाल शर्मा, खगेश शर्मा। आदि ग्रामीण जनों ने आत्मीय स्वागत किया एवं क्षेत्र के सभी वर्गों द्वारा यात्रा को अपार जनसमर्थन प्राप्त हो रहा है एवं इसी के साथ लोग अपनी क्षेत्रिय समस्या से अबगत करा रहे हैं जिस के लिये श्री लक्ष्मी नारायण दुबे द्वारा उन्हें आस्वस्त किया गया कि कांग्रेस की सरकार बनने पर क्षेत्र के अधूरे पड़े विकास कार्यों को पूरा कराया जाएगा। इस अबसर पर उनके साथ सोनी धाकड़(जिला पंचायत सदस्य) द्वारिकप्रसाद धाकड़(पूर्व सरपंच) रूपसिंह धाकड़ केदार धाकड़, खगेश शर्मा, बीरेंद्र धाकड़,राजीव शर्मा, सतेंद्र शुक्ला, सुरेन्द्र यादव, राधव यादव, अनुराग दुबे, आदि लोग उपस्थित रहे।

### जिले में कोरोना संक्रमण रोकने के लिए किये गये प्रयास

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में नोबल कोरोना वायरस कोविड-19 के अतंर्गत श्योपुर जिलें में संक्रमण को रोकने के लिए विभिन्न प्रकार के उपाय किये जा रहे है। साथ ही संक्रमित मरीजो को कोरोना से निजात दिलाने के प्रयास निरंतर जारी है। सीएमएचओ डॉ बीएल यादव ने बताया कि कोरोना संक्रमण की दिशा में राज्य/अन्य राज्यों से आये 17313 यात्रियो की स्क्रीनिंग कार्य मेडीकल टीम द्वारा समय-समय पर कराने की सुविधा दी गई है। जिसमें विदेश भ्रमण से आये 64 व्यक्तियों को स्क्रीनिंग की सुविधा प्रदान की गई। इसी प्रकार विदेश से आये इतने ही व्यक्तियों को होम कोरेनटाईन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। साथ ही उनका होमकोरेनटाइन का पीरियड भी पूर्ण हो चुका है। इसके अलावा विदेश से आये 02 यात्री जिले मे वापिस नही लौटे है। इसी प्रकार जिले में होम कोरेनटाईन किये गये 17313 व्यक्तियों में से 17313 को घर भेजा जा चुका है। इसके अलावा 10049 व्यक्तियों के सेम्पल लिये जा चुके है। साथ ही 393 कोरोना वायरस सेम्पल रिपोर्ट पॉजीटिव पाई गई थी। इसी प्रकार कोरोना वायरस सेम्पल में 8703 व्यक्तियों की जानकारी नेगेटिव पाई गई है।

## कोरोना को मात देकर 08 मरीज हुए डिस्चार्ज

**श्योपुर ब्यूरो।** जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से नोबल कोरोना वारयस कोविड-19 के अंतर्गत कोरोना संक्रमित मरीजो की बीमारी को रिकवर करने के दिशा में निरंतर प्रयास किये जा रहे है। इन प्रयासो के अंतर्गत कोविड सेंटर के आईसोलेट वार्ड में भर्ती श्योपुर एवं बडौदा के 08 मरीज कोरोना को मात देकर आज डिस्चार्ज कर दिये गये है। कलेक्टर श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा डिस्चार्ज किये गये मरीजो को स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से आईसोलेट वार्ड में निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई। साथ ही उनको सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल के माध्यम से व्यवस्थित तरीके से उपचार कराया। कोविड सेंटर के वार्ड में भर्ती मरीज श्री कृष्ण शर्मा पुत्र श्री राधेश्याम निवासी श्योपुर, श्री राजेश कुमार पुत्र श्री हीरालाल आर्य निवासी बडौदा, श्री गणेश गोयल पुत्र श्री दुर्गाप्रसाद निवासी श्योपुर, श्री दिनेश कुमार गर्ग पुत्र श्री बाकेलाल निवासी श्योपुर, श्री श्याम गर्ग पुत्र श्री दिनेश कुमार गर्ग निवासी श्योपुर, श्री राजकुमार गर्ग पुत्र श्री दिनेश कुमार गर्ग निवासी श्योपुर, श्री राहुल बंसल पुत्र श्री अशोक बंसल निवासी श्योपुर एवं ओमप्रकाश भाटीया निवासी श्योपुर ने कोरोना को मात दे दी है।

## सेंवढ़ा में तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम 2003 पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम सम्पन्न

**दतिया।** तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों को संवेदनशील बनाने के



उद्देश्य से जिला स्वास्थ्य समिति दतिया के तत्वावधान में सिविल हॉस्पिटल सेंवढ़ा में तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम 2003 उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित उन्मुखीकरण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. के.के. अमरया नोडल अधिकारी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम दतिया, रामजीशरण राय सदस्य जिला स्तरीय तंबाकू नियंत्रण समिति व सदस्य गवर्निंग बोर्ड एमपीव्हीएचए, डॉ. नरेन्द्र शर्मा संस्था प्रभारी मेडिकल ऑफिसर सेंवढ़ा, डॉ. नवीन नगर मेडिकल ऑफिसर, डॉ. सोनू शर्मा उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित रहे। उन्मुखीकरण कार्यक्रम में डॉ. के.के. अमरया नोडल अधिकारी एनटीसीपी द्वारा अधिनियम की व्यापक जानकारी प्रदान की गई। जिसमें धारा 4 से 7 तक की प्रभावी जानकारी दी गयी। इसके साथ ही जिला स्तरीय समिति के सदस्य रामजीशरण राय ने अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन में सामुदायिक भूमिका जानकारी देते हुए कहा कि हम स्वयं अपने आसपास रहने वाले लोगों को अधिनियम की जानकारी देकर अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप कार्य करने हेतु प्रेरित करें ताकि हम समुदाय को सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान मुक्त बना सकें। उन्मुखीकरण कार्यक्रम के पश्चात सेंवढ़ा शहर में 15 दुकान संचालकों पर जिनके द्वारा प्रदर्शन कर तम्बाकू से बने पदार्थ गुटखा सिगरेट बीड़ी का विक्रय किया जा रहा था साथ ही उनकी दुकानों के बाहर गुटखा और सिगरेट के पोस्टर प्रदर्शित थे। उन सभी पर समिति के सदस्यों एवं पुलिस विभाग की नगर निरीक्षक राजू रजक के सहयोग से 15 दुकानों पर चालानी कार्रवाई करते हुए 2050 रुपए चलानी कार्यवाही की। चालानी कार्यवाही की खबर बड़ी तेजी से शहर में फैल गई और दुकान नी दल द्वारा यह तय किया गया कि जिले में प्रतिमाह लगभग 1 या 2 दिन शहरी प्रत्येक शहरी क्षेत्र में कार्यवाही करते हुए तम्बाकू से बने पदार्थों के विक्रेताओं और सार्वजनिक स्थलों पर उपयोग करने वाले व्यक्तियों पर चलानी कार्रवाई करते हुए कानून के प्रभावी क्रियान्वयन की मुहिम जारी रहेगी। यह जानकारी नोडल अधिकारी डॉ के के अमरया द्वारा दी गई। आरक्षक नरेंद्र कुमार पाण्डेय, मुनेन्द्र रावत का सहयोग रहा। प्रतिमाह लगभग 1 या 2 दिन शहरी प्रत्येक शहरी क्षेत्र में कार्यवाही करते हुए तम्बाकू से बने पदार्थों के विक्रेताओं और सार्वजनिक स्थलों पर उपयोग करने वाले व्यक्तियों पर चलानी कार्रवाई करते हुए कानून के प्रभावी क्रियान्वयन की मुहिम जारी रहेगी।

PUSHPANJALI TODAY न्यूज नई सोच नई पह
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ
क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक
डिस्प्ले क्लासिफाइड
25 रु. Sq.Cm. (Min. size z5x9)
कोर्ट नोटिस / आम सूचना
साइज 12×5 - 2000 रु.
निःशुल्क
बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह
श्रंद्धाजलि / शोक संदेश / उठावनी
PTV NEWS INDIA
संपर्क सूत्र - 8269307478,7999246560
E-mail - pushpanjalitoday@gmail.com
Whatsapp :- 8269307478,7999246560,9691270207

PTV NEWS INDIA
प्रतिभा हम निखारेंगे
PUSHPANJALI TODAY न्यूज नई सोच नई पहल
अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी लेख कविताओं को हम देंगे जगह, आपके अंदर की प्रतिभाओं को हम उभरेंगे।
तो देर किस बात की अभी हमे भेंजे अपनी कविता,लेख,कहानी,या फिर देख की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार आप हमें व्हाट्सएप या मेल कर सकते है।
हमारा उद्देश्य - भारत को में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकलना।
E-mail - pushpanjalitoday@gmail.com
Whatsapp :- 8269307478,7999246560,9691270207
नोट:- मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो और नाम/पता/व्हाट्सएप अवश्य भेंजे

न्यूज. ब्रीफ

### हॉकी इंडिया के हाई परफोरमेंस निदेशक जॉन ने इस्तीफा दिया

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया के हाई परफोरमेंस निदेशक डेविड जॉन ने इस्तीफा दे दिया है। उनका हॉकी इंडिया के साथ सितंबर 2021 तक के लिए करार था। माना जा रहा है कि राष्ट्रीय महासंघ के शीर्ष अधिकारियों से मतभेदों के कारण ही ऑस्ट्रेलिया के जॉन ने इस्तीफा दिया है। भारतीय खेल प्राधिकर (साई) ने कुछ समय पहले ही जॉन का अनुबंध सितंबर 2021 तक बढ़ा दिया था पर उन्होंने अपनी उपेक्षा का आरोप लगाते हुए पद छोड़ दिया। वहीं जॉन ने हॉकी इंडिया और साई को दिये अपने इस्तीफे में अपने फैसले के लिये व्यक्तिगत कारणों का हवाला दिया है। हॉकी इंडिया ने उनका इस्तीफा पत्र स्वीकार कर लिया है पर इसपर अभी साई को अंतिम फैसला लेना है। कहा जा रहा है कि जॉन अहम फैसलों के लिए अपनी अनदेखी से निराश थे। उन्हें टीम को लेकर किसी भी फैसले में शामिल नहीं किया जा रहा था। वह केवल कोचों और खिलाड़ियों के लिये ऑनलाइन क्लास तक ही सीमित रह गये थे। जॉन मार्च के बाद से ही कोरोना वायरस महामारी को देखते हुए लगे लॉकडाउन के कारण अपने घर से ही काम कर रहे थे। वह साल 2011 से भारतीय हॉकी से जुड़े थे, जब उन्हें मुख्य कोच माइकल नोब्स के साथ पुरूष टीम के फिजियो के तौर पर नियुक्त किया गया था। भारतीय टीम के फिटनेस का स्तर बेहतर करने के लिए उन्हें जाना जाता है। जॉन ने लंदन ओलंपिक 2012 के बाद इस्तीफा दे दिया था पर साल 2016 में हाई परफार्मेंस निदेशक बना दिया गया था।

### आईपीएल के लिए इंग्लैंड- ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को नहीं रहना होगा क्वारेंटीन

नई दिल्ली। आईपीएल में खेलने वाले इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में छह दिन के आइसोलेशन में रहने की जरूरत नही रहेगी क्योंकि ये खिलाड़ी पहले ही जैव सुरक्षित माहौल में रह रहे हैं। आरसीबी टीम में आरोन फिंच और मोईन अली जैसे खिलाड़ी हैं जो आईपीएल से पहले ही तीन टी20 और तीन एकदिवसीय द्विपक्षीय सीरीज खेलने के लिए इंग्लैंड में हैं। ये मैच चार से 16 सितंबर तक खेले जाएंगे जबकि आईपीएल 19 सितंबर से शुरू होगा और ऐसे में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के सभी खिलाड़ी 17 सितंबर को विशेष विमान से यूएई पहुंचेंगे और अपनी टीम से जुड़ जाएंगे। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रैंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के चेयरमैन संजीव चूड़ीवाला ने कहा, हाबीसीसीआई की मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) से स्पष्ट है कि प्रत्येक खिलाड़ी को यूएई में आइसोलेशन में रहना अनिवार्य होगा हालांकि इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी पहले ही बायो-बबल में होंगे क्योंकि वे वहां सीरीज खेलेंगे जिसके बाद उन्हें एक विशेष विमान से यूएई पहुंचाया जाएगा। इस खिलाड़ियों को हालांकि यूएई पहुंचने के बाद कोविड-19 जांच प्रक्रिया से गुजरना होगा। इस प्रकार सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा। अगर सभी कुछ ठीक रहा तो ये खिलाड़ी अपनी टीम के शुरूआती अभ्यास मैचों के लिए भी उपलब्ध रहेंगे।

### आईपीएल में खेलने को सबसे मुश्किल मानते हैं स्पिनर मुथैया मुरलीधरन

नई दिल्ली। श्रीलंका के महान स्पिनर मुथैया मुरलीधरन ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलना अपने देश के लिए खेलने से भी कठिन है। मुरलीधरन ने टीम इंडिया के अनुभवी स्पिनर



रविचंद्रन अश्विन के एक शो में यह बात कही। विश्व क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले इस गेंदबाज ने कहा कि आईपीएल में दुनिया भर के शीर्ष खिलाड़ी खेलते हैं, इसलिए इसका स्तर काफी ऊंचा है। यहां तक कि इसमें बेहतर प्रदर्शन के बाद भी अगला मैच खेलने की गारंटी नहीं रहती है। मुरलीधरन ने कहा, "अपने देश के लिए खेलते समय आप जानते हैं कि आप अच्छा खेलेंगे तो टीम में जगह बनी रहेगी। आपको गेंदबाजी करने का अवसर मिलेगा, पर आईपीएल में इस बात से फर्क नहीं पड़ता कि आपने कितना अच्छा खेला है यहां टीम संयोजन के आधार पर अंतिम ग्यारह का चयन होता है। यह आईपीएल का तरीका है और इसे आपको स्वीकार करना ही होता है।" इस दिग्गज स्पिनर ने कहा, "मुझे भी यहां बाहर बैठना पड़ा, पर मैं कभी असंतुष्ट नहीं हुआ। यह गेम का हिस्सा है।" साल 2008 से 2015 तक उन्होंने आईपीएल के हर सत्र में खेला। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की ओर से उन्होंने 46 मैचों में 52 विकेट लिए। इस गेंदबाज ने अंतिम सत्र में आरसीबी के लिए साल 2015 में खेला। वहीं दूसरी और अश्विन आईपीएल के 13 वें सत्र में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलेंगे। वह दो सत्र में किंग्स इलेवन पंजाब के कप्तान भी रहे हैं।

### भारतीय खिलाड़ियों को ही मैदान पर उतारेगी आई लीग टीम

नई दिल्ली। दिल्ली की पहली आई लीग टीम सुदेवा फुटबॉल क्लब पदार्पण के दौरान भारतीय खिलाड़ियों की टीम ही मैदान पर उतारेगा। टीम के अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने कहा कि वह आगामी 2020-21 सत्र के लिये विदेशी खिलाड़ियों के विकल्पों को नहीं देख रहे हैं और अपनी अकादमी से युवा खिलाड़ियों और अनुभवी भारतीय खिलाड़ियों से ही टीम बनाना चाहते हैं। गुप्ता ने कहा, हर कोई जानता है कि भारतीय खिलाड़ी सत्र से पूर्व कितनी कड़ी मेहनत कर रहे हैं। इसलिये इस साल हमने फैसला किया है कि केवल भारतीय खिलाड़ियों की ही टीम को आई लीग में खिलायेंगे। मैं इस साल किसी विदेशी खिलाड़ी को नियुक्त नहीं करूंगा। उन्होंने कहा, मैं ऐसी टीम चाहता हूं कि इसमें युवा और अनुभवी दोनों ही खिलाड़ी हों। ऐसा नहीं होगा कि मैं केवल युवा खिलाड़ियों की टीम को ही खिलाऊंगा, मेरी टीम में कम से कम छह से आठ अनुभवी खिलाड़ी होंगे जिसने युवाओं को मार्गदर्शन मिलेगा।



नोर्टन में गोल्फर टाइगर वुडस नार्थन ट्रस्ट गोल्फ में खेलते हुए।

## सुनील नरेन के शानदार प्रदर्शन से त्रिनबागो नाइट राइडर्स जीता

जमैका ■ एजेंसी

सुनील नरेन के शानदार प्रदर्शन से कैरेबियाई प्रीमियर लीग (सीपीएल) में त्रिनबागो नाइट राइडर्स ने लगातार दूसरा मैच जीता है। टीकेआर ने जमैका टालावाह्ज (जेटी) को सात विकेट से हराया। नरेन ने इस मैच में अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से टीम को जीत दिलाई। इस मैच में नाइट राइडर्स ने टॉस जीतकर जमैका टालावाह्ज को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। जमैका की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 135 रन बनाये। ग्लेन फिलिप्स ने सबसे ज्यादा 58 रन बनाए। इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य को राइडर्स ने 18.1 औवरों में तीन विकेट पर 136 रन बनाकर हासिल कर लिया। इस प्रकार राइडर्स को सात विकेट से जीत मिली। लक्ष्य का पीछा करते हुए राइडर्स की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने शून्य पर ही अपना पहला विकेट खो दिया। लेंडल सिमंस तीसरी ही गेंद पर पेवेलियन लौट गए। इसके बाद नरेन और कॉलिन मुनरो ने 75 रनों की साझेदारी कर मैच अपने पक्ष में मोड़ दिया। इस मैच में जीत के साथ ही राइडर्स अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंच गयी है।

|सचिन, धोनी और विराट के बाद रोहित चौथे क्रिकेटर|

# रोहित, थंगावेलु समेत 5 खिलाड़ियों को इस साल मिलेगा खेल रत्न

- इस साल महिला रेसलर विनेश फोगाट, टेबल टेनिस प्लेयर मनिका बत्रा और हॉकी प्लेयर रानी रामपाल को भी खेल रत्न मिलेगा
- खेल मंत्रालय ने इस साल 27 खिलाड़ियों को अर्जुन अवॉर्ड देने का फैसला किया है, इसमें क्रिकेटर इशांत शर्मा और स्प्रिंटर दुती चंद शामिल हैं



नई दिल्ली ■ एजेंसी

खेल मंत्रालय ने शुक्रवार को पांच खिलाड़ियों को इस साल का राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार देने के फैसले पर मुहर लगा दी। इसमें रोहित शर्मा (क्रिकेट), मरियप्पन टी (पैरा एथलीट), मनिका बत्रा (टेबल टेनिस), विनेश फोगाट (रेसलिंग) और रानी रामपाल (महिला हॉकी) शामिल हैं। रोहित देश का सबसे बड़ा खेल सम्मान पाने वाले चौथे क्रिकेटर होंगे। उनसे पहले सचिन तेंदुलकर, महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली को यह अवॉर्ड मिल चुका है। तेंडुलकर पहले भारतीय क्रिकेटर थे, जिन्हें 1998 में खेल रत्न दिया गया था। धोनी को 2007 और कोहली को 2018 में वेटलिफ्टर मीराबाई चानू के साथ यह पुरस्कार मिला था। इससे पहले 2016 में बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु, जिमनास्ट दीपा कर्माकर, रेसलर साक्षी मलिक और शूटर जीतू राय को दिया गया था।

### कमेटी के सदस्यों में सहवाग भी



विजेताओं के सेलेक्शन के लिए खेल मंत्रालय ने 12 मेंबर्स की कमेटी बनाई थी। इसकी अगुआई सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस मुकुंदकम शर्मा ने की। कमेटी के सदस्य पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग, पूर्व हॉकी प्लेयर सरदार सिंह, पैरालिंपिक रजत पदक विजेता दीपा मलिक, पूर्व टेबल-टेनिस खिलाड़ी मोनालिसा बरुआ मेहता, बॉक्सर वेंकटेशन देवराजन के अलावा पत्रकार आलोक सिन्हा और नीरू भाटिया थे।

### डोपिंग में फंसे आवेदन नहीं कर सकते

ऐसे खिलाड़ी राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के लिए आवेदन नहीं भेज सकते हैं, जिन्हें नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी यानी नाडा ने डोपिंग का दोषी पाया हो या उनके खिलाफ जांच चल रही है।

### कोरोना के कारण राष्ट्रीय खेल पुरस्कार समारोह नहीं होगा

कोरोना के कारण पहली बार राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 29 अगस्त को वर्चुअल तरीके से दिए जाएंगे। हर साल 29 अगस्त यानी नेशनल स्पोर्ट्स-डे के मौके पर राष्ट्रपति भवन में एक कार्यक्रम के जरिए यह पुरस्कार दिए जाते हैं। इस साल कमेटी ने खेल मंत्रालय को 29 खिलाड़ियों को अर्जुन अवॉर्ड देने की सिफारिश की थी। इसमें खेल रत्न हासिल कर चुकीं रेसलर साक्षी मलिक और मीराबाई चानू भी शामिल थीं। लेकिन खेल मंत्रालय ने पहले से ही देश का सबसे बड़ा खेल सम्मान खेल रत्न हासिल करने वाली इन दोनों खिलाड़ियों को अर्जुन अवॉर्ड नहीं देने का फैसला किया। रेसलर साक्षी ने 2016 के रियो ओलिंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीता था, जबकि मीराबाई 2017 में वेटलिफ्टिंग की वर्ल्ड चैम्पियन बनीं थीं।

### कोचिंग में योगदान के लिए द्रोणाचार्य पुरस्कार

खेल रत्न और अर्जुन अवॉर्ड खिलाड़ियों को दिए जाते हैं, जबकि द्रोणाचार्य पुरस्कार कोचिंग के क्षेत्र में योगदान के लिए दिया जाता है। इसके अलावा ध्यान चंद पुरस्कार खिलाड़ियों को लाइफटाइम अचीवमेंट के लिए मिलता है। इस साल के अर्जुन अवॉर्ड और खेल रत्न जनवरी 2016 से दिसंबर 2019 तक के प्रदर्शन के आधार पर दिया गया है।

### खेल रत्न पाने वाले को अब 25 लाख रु मिलेंगे

खेल रत्न भारत का सबसे बड़ा खेल पुरस्कार है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के नाम पर इसका नाम रखा गया है। हर साल देश के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को यह दिया जाता है। अब तक पुरस्कार के साथ खिलाड़ी को 7.5 लाख रुपए और एक प्रतिमा दी जाती थी। लेकिन अब खेल रत्न पुरस्कार पाने वाले को 25 लाख रुपए मिलेंगे। इसमें 300 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी की गई है। अर्जुन अवॉर्ड हासिल करने वाले को 5 की जगह 15 लाख, द्रोणाचार्य अवॉर्डी को 5 की बजाय 10 लाख और मेजर ध्यानचंद लाइफटाइम अवॉर्ड पुरस्कार पाने वाले को 5 की जगह 15 लाख रुपए दिए जाएंगे। इसका पूरा मसौदा तैयार कर लिया है। 29 अगस्त यानी खेल दिवस के दिन इसकी घोषणा की जाएगी। पिछले साल पैरालिंपियन दीपा मलिक और पहलवान बजरंग पूनिया को यह पुरस्कार मिला था।

एमएस धोनी के बाद पीएम मोदी की रैना को चिट्ठी, कहा

## आपके लिए रिटायरमेंट शब्द का इस्तेमाल नहीं करना चाहता संन्यास के लिहाज से आप काफी युवा और ऊजार्वान खिलाड़ी

नई दिल्ली। 15 अगस्त को एमएस धोनी के साथ संन्यास का ऐलान करने वाले सुरेश रैना को प्रधानमंत्री मोदी ने लेटर लिखा। यह लेटर रैना ने ट्विटर पर शेयर किया। मोदी ने रैना की बैटिंग और फील्डिंग स्किल्स को सराहा। 2011 वर्ल्ड कप जीत में उनका अहम रोल बताया। मोदी ने लिखा- आपके लिए मैं रिटायरमेंट शब्द का इस्तेमाल नहीं करना चाहता। संन्यास के लिहाज से आप अब भी काफी युवा और ऊजार्वान हैं। 33 साल के रैना ने प्रधानमंत्री का शुक्रिया अदा करते हुए लिखा- मेरे जैसे प्लेयर्स मैदान पर देश के लिए खून-पसीना बहाते हैं। जब उन्हें देश के लोगों और खासतौर पर प्रधानमंत्री से सराहना मिलती है तो इससे बढ़कर



कुछ नहीं हो सकता। प्रधानमंत्री ने रैना को लिखा- 15 अगस्त को आपने संन्यास का ऐलान किया। यह जिंदगी के सबसे मुश्किल फैसलों में से एक है। हालांकि, आप के अंदर अब भी वही ऊर्जा है। मैदान पर शानदार पारी खेलने के बाद आप अब जिंदगी की एक और इनिंग के लिए पैड (बैटिंग पर जाने से पहले क्रिकेट गियर पहनना) कर रहे हैं। आपने मुरादनगर से लखनऊ और फिर टीम इंडिया तक का शानदार सफर किया। मोदी ने आगे लिखा- आप सिर्फ बेहतरीन बैट्समैन ही नहीं, बल्कि उपयोगी गेंदबाज भी रहे। आपकी जबरदस्त फील्डिंग की दुनिया कायल है। टी-20 जैसे मुश्किल फॉर्मेट में भी आपकी कामयाबी याद रखी जाएगी। 2011 वर्ल्ड की जीत में आपके योगदान को देश हमेशा याद रखेगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अहमदाबाद के मोटेरा में क्वॉर्टर फाइनल खेला गया था। मैंने आपकी वो बेहतरीन इनिंग देखी थी।

## आईपीओ के लिए खाली रह सकता है अगस्त महीना, सितंबर के पहले पखवाड़े में यूटीआई और कैम्स के इश्यू आने की उम्मीद

नई दिल्ली ■ एजेंसी

अगस्त महीना आईपीओ के लिए पूरी तरह से खाली रहने वाला है। इस महीने में एक भी आईपीओ नहीं आया है। हालांकि सितंबर के पहले पखवाड़े में दो बड़े आईपीओ आने की उम्मीद दिख रही है। इसमें एक तो यूटीआई म्यूचुअल फंड का आईपीओ है जो 3,000 करोड़ रुपए का हो सकता है। जबकि दूसरा कैम्स का आईपीओ है जो 1,500 करोड़ रुपए का हो सकता है। इस तरह से दोनों कंपनियां मिलाकर 4,500 करोड़ रुपए आईपीओ से जुटा सकती हैं। बता दें कि यूटीआई म्यूचुअल फंड में तीन प्रमुख सरकारी कंपनियों एलआईसी, बैंक ऑफ बड़ौदा और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को अपनी हिस्सेदारी घटाकर 10 प्रतिशत पर लाना है। फिलहाल इन तीनों की हिस्सेदारी 18.5-18.5 प्रतिशत है। सेबी ने 2018 में ही इन कंपनियों को 2019 मार्च तक यह काम करने का आदेश दिया था। लेकिन इन तीनों ने हिस्सेदारी नहीं घटाई और इस पर सेबी ने हाल में नियमों के उल्लंघन के आरोप में तीनों पर 10-10 लाख रुपए की पेनाल्टी लगाई थी।



### यूटीआई में टी रोवे प्राइस की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी

बता दें कि यूटीआई में विदेशी कंपनी टी रोवे प्राइस की हिस्सेदारी 26 प्रतिशत है और अब वह इसे बढ़ाकर 50 प्रतिशत से ऊपर करना चाहती है। यूटीआई देश में आठवें नंबर की सबसे बड़ी म्यूचुअल फंड कंपनी है। उपरोक्त तीनों भारतीय कंपनियां आईपीओ में अपनी हिस्सेदारी बेचेंगी। इस तरह से इस आईपीओ के जरिए करीबन 3,000 करोड़ रुपए जुटेगा। इसी तरह कैम्स भी 1,500 करोड़ रुपए का आईपीओ लानेवाली है। यह म्यूचुअल फंडों के लिए काम करती है और कई कंपनियों ने मिलकर इसे स्थापित किया है। बता दें कि इससे पहले जुलाई में रोसारी बायोटेक का 500 करोड़ रुपए का आईपीओ आया था। यह चार महीने बाद पहला आईपीओ आया था। हालांकि इसके बाद भी केवल एक आईपीओ आया जो माईंडस्पेस बिजनेस पार्क रिट का आईपीओ था। इस आईपीओ ने 4,500 करोड़ रुपए बाजार से जुटाए है। वैसे इस पूरे कैलेंडर साल में अब तक कुल तीन आईपीओ ही आए हैं। रोसारी से पहले एसबीआई कार्ड्स का आईपीओ आया था।

## फ्लिपकार्ट की सस्तोडील के साथ डील एमएसएमई विक्रेता बेच सकेंगे सामान



नई दिल्ली ■ एजेंसी

भारतीय ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट कंपनी ने नेपाल की शीर्ष ई-कॉमर्स कंपनी सस्तोडील के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता किया है। इसके चलते इसके लाखों एमएसएमई विक्रेताओं को सीमा पार कारोबार के अवसर उपलब्ध होंगे। इस पार्टनरशिप के तहत, सस्तोडील पर फ्लिपकार्ट मार्केटप्लेस के विक्रेताओं द्वारा बेबीकेयर एंड किड्स, ऑडियो डिवाइसेज, मेन्स क्लोदिंग, विमेन्स एथनिक वियर, तथा स्पोर्ट्स एंड फिटनेस वियर समेत अन्य कई श्रेणियों में नेपाली ग्राहकों के लिए उत्पादों को उपलब्ध कराया जाएगा। अभी, जबकि देशभर में एमएसएमई दोबारा कारोबारी क्षेत्रों में वापसी कर रहे हैं और व्यापार में बढ़त दर्ज कराने के नए अवसरों की तलाश में हैं, इस प्रकार के अवसर ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों पर उनका भरोसा बढ़ाएंगे।

फ्लिपकार्ट के पास फिलहाल देशभर में 2,00,000 से अधिक विक्रेता हैं जिनमें 50 फीसदी से अधिक जयपुर, लखनऊ, लुधियाना, मेरठ, सूरत, कानपुर, आगरा, कोयंबतूर और अहमदाबाद जैसे छोटे शहरों से आते हैं। इस इकोसिस्टम के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जारी रखते हुए, सस्तोडील के साथ इस भागीदारी से दोनों देशों में ई-कॉमर्स उद्योग के दीर्घकालिक विकास को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। फ्लिपकार्ट के हेड मार्केटप्लेस, जगजीत हरोडे ने गठबंधन के बारे में बताया कि सस्तोडील के साथ भागीदारी के चलते, उनके विक्रेताओं के लिए बाजार में अवसर बढ़ाएंगे बल्कि उन्हें अपने कारोबार को और बढ़ावा देने में भी मदद करेंगे। नेपाल में, जहां ज्यादा से ज्यादा उपभोक्ता ऑनलाइन खरीद-फरोख्त करना चाहते हैं, ई-कॉमर्स कारोबार में जबर्दस्त संभावनाएं मौजूद हैं।

### फ्लिपकार्ट मार्केटप्लेस और प्राइवेट ब्रैंड के उत्पाद अब सस्तोडील पर उपलब्ध

कंपनी का कहना है कि इसके अलावा, इलेक्ट्रॉनिक्स, होम एप्लायंसेज/होम डेकोर, और फर्निशिंग्स जैसी श्रेणियों पर केंद्रित रहते हुए, फ्लिपकार्ट के प्राइवेट ब्रैंड्सझ मार्क्यू और स्मार्टबाय को भी सस्तोडील के प्लेटफार्म पर सूचीबद्ध किया जाएगा। विक्रेता भागीदारों को स्थानीय स्तर पर निर्मित कर भारत के बाहर तक अपने उत्पादों को पहुंचाने का अवसर देते हुए, फ्लिपकार्ट अपने विक्रेताओं को नेपाली ग्राहकों के लिए इन प्राइवेट ब्रैंड्स को जल्द-से-जल्द उपलब्ध कराने में समर्थ बनाएगी। इस पूरी प्रक्रिया में सस्तोडील का भरोसा भी साथ है। कंपनी से मिली जानकारी के अनुसार फ्लिपकार्ट मार्केटप्लेस और प्राइवेट ब्रैड के उत्पाद अब सस्तोडील पर उपलब्ध हैं। इस गठबंधन के परिणामस्वरूप, पहले चरण में, सस्तोडील पर 5,000 से अधिक उत्पादों को सूचीबद्ध किया जाएगा।

डिफाल्टर — अगस्त 2016 में क्रेडिट सुविधा के तहत लिया था 1200 करोड़ रुपए का लोन

## एनसीएलटी का फैसला: एसबीआई को पर्सनल गारंटी देकर फंसे अनिल अंबानी, अब चलेगा दिवालिया केस, आरकॉम के लिए लिया गया था कर्ज

- जनवरी 2017 में ही डिफॉल्ट हो गए थे दोनों कंपनियों के लोन वाले खाते
- आरकॉम और अन्य संकटग्रस्त कंपनियों की समाधान योजना पर भी



नई दिल्ली ■ एजेंसी

रिलायंस कम्युनिकेशन (आरकॉम) के चेयरमैन अनिल अंबानी की मुसीबतें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। आरकॉम के लिए कर्ज लेने के मामले में नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल की मुंबई बेंच ने अनिल अंबानी के खिलाफ दिवालिया केस चलाने की मंजूरी दे दी है। अनिल अंबानी ने अपनी पर्सनल गारंटी पर आरकॉम के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) से करीब 1200 करोड़ रुपए का कर्ज लिया था। जानकारी के मुताबिक, एसबीआई ने अनिल अंबानी के स्वामित्व वाले समूह रिलायंस एडीएजी ग्रुप की कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशन, रिलायंस टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को क्रेडिट सुविधा दी थी। इस क्रेडिट सुविधा के तहत एसबीआई ने 565 करोड़ और 635 करोड़ रुपए के दो लोन अगस्त 2016 में रिलायंस कम्युनिकेशन और रिलायंस टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को दिए थे। सितंबर 2016 में अनिल अंबानी ने इस क्रेडिट सुविधा के लिए पर्सनल गारंटी दी थी। जनवरी 2017 में आरकॉम और रिलायंस टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के लोन खाते डिफॉल्ट हो गए। इन दोनों खातों को अगस्त 2016 से ही डिफॉल्ट माना गया।

जनवरी 2018 में एसबीआई ने अनिल अंबानी की पर्सनल गारंटी को रद्द कर दिया। एनसीएलटी ने ऑब्जर्व किया कि आरकॉम और रिलायंस टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड जनवरी 2017 तक रिपेमेंट में विफल रहे। बाद में इन दोनों खातों को पूर्व निर्धारित तिथि 26 अगस्त 2016 से नॉन परफॉर्मिंग असेट्स (एनपीए) घोषित कर दिया गया। यह प्रक्रिया लोन एग्रीमेंट के पूरे होने से पहले कर ली गई।

### समाधान योजना को लेकर भी होनी है सुनवाई

एनसीएलटी की मुंबई बेंच में आज अनिल अंबानी के स्वामित्व वाली संकटग्रस्त कंपनियों की समाधान योजना पर भी सुनवाई होनी है। कमेटी ऑफ क्रेडिटर्स (सीओसी) ने रिलायंस कम्युनिकेशन (आरकॉम), रिलायंस टेलीकॉम और रिलायंस इंफ्राटेल के लिए कुल 23 हजार करोड़ रुपए की समाधान योजना बनाई है। इसमें चीनी बैंकों को करीब 7 हजार करोड़ रुपए, अन्य विदेशी कर्जदाताओं को 2300 करोड़ रुपए और एसबीआई-इंडियन बैंक को 13 हजार करोड़ रुपए देने का प्रस्ताव है।

### अहमदाबाद एनसीएलटी में भी पेंडिंग है एक मामला

अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस नेवल एंड इंजीनियरिंग का एक मामला एनसीएलटी अहमदाबाद में पेंडिंग है। ट्रिब्यूनल ने उसके खिलाफ दिवालियापन की कार्यवाही की भी अनुमति दी है। वित्तीय लेनदारों ने 43,587 करोड़ रुपए का दावा किया है। हालांकि, रेजोल्यूशन प्रोफेशनल ने अब तक केवल 10,878 करोड़ रुपए की योजना को मंजूरी दी है। शेष दावे पेंडिंग हैं।

## एचएसबीसी बैंक की ग्रीन डिपॉजिट स्कीम भारत में लॉन्च, कार्बन उत्सर्जन में कमी लाना है लक्ष्य




नई दिल्ली ■ एजेंसी

एचएसबीसी बैंक ने भारत में अपने कॉर्पोरेट ग्राहकों के लिए 'ग्रीन डिपॉजिट प्रोग्राम' लॉन्च किया। बैंक के इस यूनिक पहल का उद्देश्य अक्षय ऊर्जा, क्लीन ट्रांसपोर्टेशन और अन्य ईको-फ्रेंडली पहल के लिए फायनेंस करना और उसे बढ़ावा देना है। ग्रीन डिपॉजिट की रकम की उपलब्धता बैंकों के टर्म डिपॉजिट जैसे रुपए में ही होगा। बैंक ने बताया कि 'ग्रीन डिपॉजिट प्रोग्राम' कार्बन उत्सर्जन को कम करने और सस्टेनेबल इकॉनमी को बढ़ावा देने वाले प्रोजेक्ट के लिए है। बैंक ग्राहकों को हर तिमाही इससे जुड़ी जानकारी पोर्टफोलियो स्तर पर देगी। बतौर प्रोडक्ट 'ग्रीन डिपॉजिट' के लिए बैंक के अन्य टर्म डिपॉजिट जैसा ही स्टेबल प्रिंसिपल, प्री-एग्रीड रिटर्न देगा। दरअसल बैंक का यह मानना है कि, जो कॉर्पोरेट्स पर्यावरण संबंधित प्रोजेक्ट्स में निवेश करने का चाहते हैं उनके लिए खास 'ग्रीन डिपॉजिट प्रोग्राम' को मार्केट में लॉन्च किया गया है। भारत में 'ग्रीन डिपॉजिट प्रोग्राम' अपनी तरह का पहला और एकमात्र प्रोग्राम है।

### कम कार्बन उत्सर्जन को बढ़ावा देना लक्ष्य

कंपनी के ग्लोबल और मार्केट हेड हितेंद्र दवे का कहना है कि ग्रीन डिपॉजिट प्रोग्राम को सस्टेनेबल पर्यावरण विकास के कार्यों में सहायता के लिए खासतौर पर डिजाइन किया गया है। यह प्रोडक्ट सस्टेनेबल फाइनेंसिंग को लेकर हमारे प्रयासों को दिखाता है। इससे हमारे क्लाइंट कम कार्बन का उत्सर्जन करने में योगदान कर सकेंगे। एचएसबीसी इंडिया इस सेगमेंट में ग्रीन लोन देने वाला एकमात्र कर्जदाता, सलाहकार और बैंक है। बैंक ने हाल ही में गुजरात के कच्छ में 250 मेगावाट के पवन ऊर्जा प्रोजेक्ट के लिए कर्ज दिया है।

# मुख्यमंत्री श्री चौहान का ग्वालियर विमानतल पर आत्मीय स्वागत





**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान दो दिवसीय प्रवास पर शनिवार को दोपहर हैलीकॉप्टर से ग्वालियर विमानतल पधारे। विमानतल पर मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया गया। केन्द्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं राज्यसभा सांसद श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया, दिल्ली से विमान द्वारा ग्वालियर आए। ग्वालियर में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वी डी शर्मा भी साथ आए। ग्वालियर में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेने के पश्चात मुख्यमंत्री 23 अगस्त की रात्रि में ग्वालियर से भोपाल रवाना होंगे। विमानतल पर प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री इमरती देवी, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, नगरीय प्रशासन राज्य मंत्री ओपीएस भदौरिया, क्षेत्रीय सांसद विवेक नारायण शेजवलकर, भाजपा के ग्रामीण अध्यक्ष श्री कौशल शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का पुष्प-गुच्छ से स्वागत किया। विमानतल पर ग्वालियर संभाग के आयुक्त श्री एम बी ओझा, आईजी अविनाश शर्मा, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, नगर निगम आयुक्त श्री संदीप माकिन सहित अधिकारियों ने मुख्यमंत्री की अगवानी की।

## लायसेंसी विदेशी मदिरा दुकानों का विक्रय दर का प्रदर्शन अनिवार्य

**ग्वालियर।** आबकारी आयुक्त द्वारा आदेश जारी कर लायसेंसी विदेशी मदिरा दुकानों पर विक्रय दर अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिये है। उन्होंने समस्त सहायक आबकारी आयुक्त एवं जिला अधिकारियों से कहा है कि प्रदेश की समस्त देशी मदिरा दुकानों पर विक्रय दरों के प्रदर्शन का प्रावधान है। इसी प्रकार विदेशी मदिरा दुकानों पर भी ब्राण्डवार एवं लेबिलवार मदिरा के विक्रय दरों का प्रदर्शन अनिवार्य रूप से किया जाये। दुकान के बाहर बोर्ड पर स्पष्ट रूप से पठनीय विक्रय दरों का प्रदर्शन किया जाये। यह बोर्ड सार्वजनिक रूप से दिखाई दे। इसकी व्यवस्था 3 दिवस के अंदर सुनिश्चित की जाये। लायसेंसी मदिरा दुकानों से विक्रय दरों के प्रदर्शन के उपरांत ही मदिरा विक्रय हो अन्यथा संबंधित लायसेंसी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

## आमजन पर जबरिया लगाये गये गारबेज शुल्क के विरोध में चेम्बर भवन में बैठक रविवार 3 बजे

### निगम प्रशासन द्वारा तानाशाही पूर्वक लगाये गये गारबेज शुल्क पर आगामी रणनीति बनाने होगा मंथन

**ग्वालियर।** नगर निगम प्रशासन द्वारा आमजन पर जबरिया लगाये गये गारबेज शुल्क के विरोध पर मंथन किए जाने हेतु म.प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री द्वारा रविवार, 23 अगस्त,2020 को दोपहर 3.00 बजे बैठक का आयोजन 'चेम्बर भवन' में किया गया है7 एमपीसीसीआई अध्यक्ष-विजय गोयल, संयुक्त अध्यक्ष-प्रशांत गंगवाल, उपाध्यक्ष-पारस जैन, मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-ब्रजेश गोयल एवं कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल द्वारा प्रेस को जारी विज्ञप्ति में अवगत कराया गया है कि एमपीसीसीआई द्वारा कोरोना काल में ग्वालियरवासियों पर गारबेज शुल्क न लगाये जाने के लिए निगमायुक्त, निगम प्रशासक महोदय से बैठकें की और इस शुल्क का विरोध करते हुए इसे न लगाये जाने का आग्रह किया गया7 राज्य शासन को भी इस संबंध में पत्राचार किया गया7 लेकिन निगम प्रशासन एवं राज्य शासन की उदासीनता के चलते ग्वालियरवासियों से इस कर की जबरिया वसूली की जा रही है7 जबकि ग्वालियर की निर्वाचित नगर निगम परिषद द्वारा गारबेज शुल्क के प्रस्ताव को पूर्व में दो बार खारिज किया जा चुका है7 निगम परिषद के विरोध को दरकिनार करते हुए निगम प्रशासन द्वारा गारबेज शुल्क को तानाशाहीपूर्वक ग्वालियर की आमजनता पर थोपा गया है7 निगम प्रशासन के इस रवैये से क्षुब्द होकर म.प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री को मबजूरी में विरोध का रास्ता अपनाना पड़ रहा है7 गारबेज शुल्क पर विरोध की रणनीति बनाने हेतु म.प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री द्वारा रविवार दिनांक 23 अगस्त को दोपहर 3.00 बजे एक बैठक का आयोजन किया गया है7 बैठक में गारबेज शुल्क का पुरजोर विरोध करने की रणनीति बनाकर उस पर अमल किया जायेगा7 एमपीसीसीआई के पदाधिकारियों द्वारा उक्त बैठक में पधारने हेतु पूर्व अध्यक्षगणों, कार्यकारिणी समिति सदस्यगणों, ग्वालियर के व्यवसायिक एवं औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों से बैठक में पधारने की अपील की है।

## गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र ने ग्राम उदगवां को 33 केवी लाइन फीडर की सौगात दी

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश शासन के गृह, जेल, संसदीय कार्य, विधि विधायी विभाग के मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र ने शुक्रवार को दतिया विकासखंड के ग्राम उदगवां पहुंचकर एक करोड़ की लागत के बनने वाले 33 केवी फीडर एवं नवीन वितरण केन्द्र तथा कनिष्ठ यंत्री कार्यालय का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह सौगात हमने 35 ग्रामों के ग्रामवासियों की परेशानियों को देखकर दी है। इससे उदगवां फीडर से संबधित सभी 35 ग्रामों के लोगों को अब बिजली बिल जमा करने एवं कोई भी समस्या होने पर दतिया नहीं जाना पड़ेगा। इस फीडर एवं कार्यालय के बन जाने से सभी ग्रामवासियों को बार-बार दतिया जाने की परेशानी दूर हो जाएगी। इस फीडर से समान बोल्टेज मिलेगी एवं बिजली बिल तथा ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण बदलने की समस्या भी इसी कार्यालय से हल होगी। कार्यक्रम के दौरान श्री विपिन गोस्वामी ने दतिया विकास के संबंध में विस्तार ने जानकारी दी। इस दौरान गृह, जेल मंत्री डॉ. मिश्रा द्वारा ग्रामवासियों की समस्याओं को तत्काल निराकरण किया गया। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी ग्रामवासी को कोई परेशानी है और अधिकारी वर्ग अथवा कर्मचारी वर्ग नहीं सुन रहा हो, तो तत्काल मुझे सूचित करें। उनकी हर समस्या का निस्तारण होगा। मैं इन 35 ग्रामों के लिए हमेशा हर कदम पर खड़ा मिलूंगा।

# गृह मंत्री डॉ. मिश्र ने जिले में मुख्यमंत्री कामगार सेतु स्ट्रीट वेण्डर लोन योजना का शुभारंभ किया

### गृह मंत्री ने 220 लोगों को 10-10 हजार रूपये राशि के चैक वितरित किए

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश शासन के गृह, जेल, संसदीय कार्य एवं विधि विधायी मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र द्वारा आज स्थानीय वृदावन धाम में पहुंचकर मुख्यमंत्री कामगार सेतु स्ट्रीट वेण्डर लोन योजना का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमारी सरकार गरीब एवं किसानों की सरकार है। हमारी सरकार ने देश एवं प्रदेश में फैली महामारी कोरोना-19 की भीषण विपत्ती में भी हर गरीब एवं किसान भाईयों, प्रवासी मजदूरों की सहायता की है। प्रदेश सरकार ने प्रवासी मजदूरों को अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचाने की पूरी व्यवस्था की एवं उनके खाने पीने का भी विषेष ध्यान रखा। कार्यक्रम के दौरान गृह मंत्री ने 220 लोगों को दस-दस हजार रूपये के चेक भी वितरित किए। गृह मंत्री डॉ. मिश्र ने कहा कि हमारी सरकार ने गरीबों की सहायता करने हेतु बिना ब्याज के कामकाज करने हेतु मुख्यमंत्री कामगार सेतु स्ट्रीट वेण्डर लोन की नई योजना प्रारंभ की है। जिससे हर गरीब इंसान इस लोन से कोई भी व्यवसाय कर सकता है और उसे किसी भी प्रकार का ब्याज नहीं देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति इस लोन को समय पर समान किस्तों में अदा कर देता है, बैंक उसे दोबारा 20 हजार रूपये राशि का बिना ब्याज के लोन देगी। गृह, जेल मंत्री ने कहा कि इस योजना में सबसे बड़ी बात यह है कि लोन लेने वाले कामगार व्यक्ति को किसी भी प्रकार का ब्याज नहीं देना होगा, इस राशि पर ब्याज सरकार के द्वारा बैंकों को अदा किया जाएगा। हमारी सरकार चाहती है कि कोराना वायरस के दौरान छोटे से छोटा व्यक्ति मेहनत मजदूरी एवं छोटा व्यवसाय करके अपना घर चलाता था उसे काफी नुकसान हुआ है इस योजना से वे अपना व्यवसाय करके परिवार चला सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक श्री प्रदीप अग्रवाल एवं आशाराम अहिवार ने भी अपने विचार व्यक्त किए।



## अर्तराष्ट्रीय मानवता दिवस पर डॉ. संजय पाण्डेय कोरोना संकट में समाज सेवा के लिये सम्मानित

ग्वालियर। राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य वाक्य ही '' समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास'' है जिसके लिये समाज सेवा सर्वोपरि है। अर्तराष्ट्रीय मानवता वादी दिवस होने के कारण समाज में उत्कृष्ठ कार्य करने के लिये सम्मानित किया गया। जिला प्रशासन ग्वालियर आनंदम विभाग द्वारा कोरोना की संकट घड़ी में समाज के लिये एक पहचान बन चुके आमजन को सम्मानित करने के लिये कलेक्ट्रेट में ए.डी.एम. आशीष तिवारी आई.ए.एस., संयुक्त कलेक्टर खेमरिया, जिला ग्वालियर आनंदम विभाग के ए.के. शर्मा व पवन दीक्षित के उपस्थिति में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. संजय कुमार पाण्डेय वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना माधव महाविद्यालय ग्वालियर को प्रशस्ति पत्र देकर कोविड 19 के समय संघर्षपूर्ण कार्य के लिये सम्मानित किया गया।

कोविड 19 के समय जिन लोगो ने दूसरे लोगो की मदद की व उनके नहीं थे परन्तु संकट के समय उनको जो मदद प्राप्त हुई उसको वो कभी भूल नहीं सकते और संकट करने वाले को अपना मानते है इसलिये आनंदम विभाग ने डॉ. संजय कुमार पाण्डेय प्रो. वाणिज्य व कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना माधव महाविद्यालय को सम्मानित किया गया। कोविड 19 के समय मार्च से 04 जून तक लगातार पलायन कर रहे मजदूरो व आस-पास रह रहे मजदूर वर्गो को निरंतर भोजन कराना व आवश्यक सामग्रीयों का वितरण करने का कार्य डॉ. पाण्डेय ने किया। डॉ. पाण्डेय कोरोना निगरानी समिति में जागरूकता का कार्य प्रशासन के साथ निरंतर कर रहे है। डॉ. पाण्डेय की इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. मनोज चतुर्वेदी, डॉ. संजय रस्तोगी, डॉ. सुभाष जैन, प्रो. कुसुमलता चौहान, डॉ. शिवकुमार शर्मा, डॉ. मनोज अवस्थी, डॉ. नीलेन्द्र सिंह तोमर, डॉ. राजेश मिश्रा, डॉ. संतोष शर्मा, डॉ. प्रशांत साहू, डॉ. विजय पाण्डेंय, डॉ. संजय गुप्ता, डॉ. कौशलेन्द्र अवस्थी ने बधाई व शुभकामनाए दी।

# प्रदेश के दस संभागीय मुख्यालयों पर ज्ञानोदय आवासीय विद्यालयों का संचालन

**ग्वालियर।** प्रदेश के दस संभागीय मुख्यालयों में अनुसूचित जाति वर्ग के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को ज्ञानोदय आवासीय विद्यालयों में अध्ययन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इन विद्यालयों का संचालन अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा किया जा रहा है। विभाग ने इन विद्यालयों के संचालन पर पिछले वर्ष करीब25 करोड़ रुपये की राशि खर्च की है। पिछले वर्ष ज्ञानोदय विद्यालय का कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम 99.04 प्रतिशत और कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 95.08 प्रतिशत रहा है।

प्रदेश में प्रथम चरण में 7 आवासीय विद्यालय प्रारंभ किये गये। दूसरे चरण में वर्ष 2013 से 3 संभागीय मुख्यालय होशंगाबाद, शहडोल एवं मुरैना में यह विद्यालय प्रारंभ किये गये। ज्ञानोदय विद्यालय में कक्षा 6 से 12 तक गणित, विज्ञान और वाणिज्य

### अनुसूचित जाति वर्ग के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मिल रही है पढ़ने की सुविधा

विषयों में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। प्रथम चरण में इन विद्यालयों की सीट क्षमता 280 थीं। जिन्हें बढ़ाकर वर्ष 2017-18 में 640 सीट किया गया है। वर्ष 2019 में जेईई मुख्य परीक्षा में ज्ञानोदय विद्यालय के 26 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय में अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा योग्य तथा अनुभवी शिक्षकों की पद स्थापना की गई है। इन विद्यालयों में मेस का संचालन अधीक्षक एवं छात्र नायक समिति के द्वारा किया जा रहा है। शिष्यवृत्ति की 90 प्रतिशत राशि मेस संचालन और 10 प्रतिशत राशि छात्रों के खाते में सीधे जमा कराई जा रही है। प्रत्येक विद्यालय में सीट वृद्धि किये जाने से एक कन्या और एक बालक छात्रावास भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है। भवन निर्माण केलिये बजट में 75 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

## पूजा की थाली सजाओ प्रतियोगिता कुमारी अमृता, निकिता, सृष्टि रही विजेता

**ग्वालियर ।** भाविप शाखा शिवाजी ग्वालियर द्वारा संस्कृति सप्ताह के अंतिम दिन आज 20 अगस्त को पूजा की थाली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी प्रतिभागियों ने मन-लगन, श्रद्धा भक्ति भाव से पूजा की थाली सजा कर उनकी आन लाइन फोटो भेजी, निर्णायिका समाज सेवी श्रीमती अनुराधा घोडके ने पुरस्कार की श्रेणी पूजा सामग्री, हैंडमेड सामग्री, कलर कॉम्बिनेशन, प्रेक्टिकल उपयोग के आधार सुश्री अमृता चिरगैया -- प्रथम, सुश्री निकिता दीक्षित -- द्वितीय एवं कु श्रृष्टि श्रीवास्तव को तृतीय पुरस्कार हेतु विजेता घोषित किया एवं श्रीमती पद्मा आहूजा, श्रीमती डा रश्मि प्रधान को सांत्वना पुरूस्कार हेतु चयनित किया।

## तीन दिवसीय ऑनलाइन वेबिनार (प्रशिक्षण) का आयोजन 29 अगस्त से

**ग्वालियर।** उद्यमिता विकास केन्द्र मध्यप्रदेश (सैडमैप) भोपाल द्वारा ग्वालियर जिले के युवाओं हेतु आयोजित डेयरी फार्मिंग एवं दुग्ध प्रसंस्करण पर आधारित उद्योग, व्यवसाय स्थापनार्थ ऑनलाइन वेबिनार (प्रशिक्षण) का आयोजन 29 से 31 अगस्त 2020 तक तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उक्त वेबिनार में पशुओं की विभिन्न नस्ल, प्रजातियों की पहचान करना, दुधारू पशुओं के चयन की प्रक्रिया, आधुनिक डेयरी फार्म प्रबंधन हेतु आधुनिक तरीके से पशु आवास व्यवस्था एवं बुनियादी ढांचे के निर्माण की प्रक्रिया पशुओं को आधुनिक तरीके से कृत्रिम गर्भाधान प्रक्रिया की जानकारी, पशुओं में होने वाले विभिन्न रोगों की जानकारी, साथ ही रोग नियंत्रण की जानकारी, भारत सरकार/मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न ऋण योजनाओं, अनुदान प्रक्रिया की जानकारी, बाजार सर्वेक्षण की जानकारी, प्रोजेक्ट प्रोफाइल के संबंध में जानकारी, संतुलित पोषण आहार, प्रबंधन, पोष्टिक आहार निर्माण प्रक्रिया की जानकारी एवं दुग्ध की गुणवत्ता का मूल्यांकन, टेस्टिंग प्रक्रिया, ग्राम स्तर पर दुग्ध का प्रसंस्करण कैसे करें, दुग्ध के विभिन्न उत्पाद निर्माण की अत्याधुनिक तकनीक के संबंध में विभिन्न विषय विशेषज्ञों के माध्यम से जानकारी प्रदान की जायेगी। कोविड-19 के संक्रमण को देखते हुए आप अपना पंजीयन जिला समन्व्यक श्री एस पी दोहरे के मोबाइल नम्बर 9820048906 के माध्यम से भी करा सकते हैं। कार्यक्रम से संबंधित विस्तृत जानकारी उद्यमिता विकास केन्द्र मध्यप्रदेश (सैडमैप) के जिला कार्यालय से भी प्राप्त की जा सकती है।

# पवैया की उपस्थिति से खुश दिखे प्रद्युम्न और सिंधिया

**ग्वालियर।** पूर्व मंत्री एवं बजरंगी नेता जयभान सिंह पवैया के आज भाजपा के सदस्यता अभियान में फूलबाग मैदान पर उपस्थिति चर्चा का विषय बनी रही। क्योंकि भाजपा के कददावर नेता जहां सिंधिया परिवार की शुरू से खिलाफत करते रहे। वहीं गत विधानसभा के चुनाव में वह प्रद्युम्न सिंह तोमर से चुनाव हार गये थे। उधर सिंधिया ने अपने साथियों के साथ भाजपा की सदस्यता लेने के बाद पवैया ने भोपाल में एक बैठक के बाद पत्रकार वार्ता में इतना तक कह दिया कि वह ना तो सिंधिया के साथ कोई मंच साझा करेंगे और ना ही उन पर इसके लिये दबाब डाला जाये। उधर अभी कुछ दिनों से सिंधिया के समर्थक मंत्री द्वारा लगातार पवैया के घर हाजिरी दी और उन्हें मनाने का भरसक प्रयास किया। सरल स्वभाव के बजरंगी नेता प्रद्युम्र की बात को मान गये और उन्हें लगता है क्षमा भी कर दिया। इसके बाद भी ऐसा माना जा रहा था कि पवैया शायद सिंधिया के साथ मंच साझा नहीं करेंगे। लेकिन इस मिथक को आज पवैया ने स्वयं प्रभात झा के साथ फूलबाग मैदान पर पहुंच कर तोड दिया। उधर मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर , राज्य सभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया , मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभात झा , प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा, ने पवैया की जमकर तारीफ की। इसे देख स्वयं सिंधिया और प्रद्युम्न सिंह तोमर खुश नजर आये। वहीं लोगों में चर्चा थी कि अब प्रद्युम्न चुनाव तो जीत ही जायेंगे।

## बेटी है तो कल है सामाजिक संस्था की अध्यक्ष डॉ वन्दना भूपेन्द्र प्रेमी ने महिलाओं एवं बेटियों के प्रोत्साहन व उत्थान हेतु कार्य करने के लिए श्रीमती भारती बिपिन सिंह तोमर जी को -वार्ड 19- का अध्यक्ष नियुक्त किया।




## केलीग्राफी एंड ग्राफिक डिजाइन सेंटर में प्रवेश की अंतिम तिथि 27 अगस्त

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी द्वारा संचालित केलीग्राफी एंड ग्राफिक डिजाइन सेंटर में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। निःशुल्क दी जाने वाली इस दो वर्षीय ट्रेनिंग में प्रवेश सीमित संख्या में किये जायेंगे। प्रथम-आवे प्रथम-पावे के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश की अंतिम तिथि 27 अगस्त रखी गई है। आवेदन उर्दू अकादमी कार्यालय मुल्ला रमूजी संस्कृति भवन से प्राप्त किया जा सकेगा। सचिव उर्दू अकादमी ने बताया कि 15 से 35 वर्ष आयु वर्ग के लोग ही आवेदन कर सकेंगे।




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक- भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478